शनिवार, 14 दिसम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 12 |
| आर्द्रता | 69% |
| सूर्योदय: 6:08 | सूर्यास्त: 16:55 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



दो बांग्लादेशी घुसपैठिये पकड़े गये, 1,000 से अधिक की पहचान हुई: दिल्ली पुलिस –पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, तीन, चार और पांच पर

सुविचार : पत्थर तोड़कर भगवान बन जाते हैं तो लोग घमंड तोड़कर इंसान क्यों नहीं बनते।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# आरजीकर कांड : पूर्व प्रिंसिपल व टाला थाना के पूर्व प्रभारी को मिली जमानत

## घटना के 90 दिनों बाद भी चार्जशीट दायर नहीं कर पाई सीबीआई

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल की महिला चिकित्सक से दरिंदगी की घटना में गिरफ्तार अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष व स्थानीय टाला थाना के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल को शुक्रवार को कोर्ट ने जमानत दे दी। घोष का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील ने बताया कि सियालदह अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) ने दोनों आरोपितों को 2000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी, क्योंकि उनके खिलाफ अनिवार्य 90 दिनों की अवधि के भीतर सीबीआई की ओर से चार्जशीट दायर नहीं की गई थी।



टाला थाना के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल जमानत के बाद हुए रिहा

सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि जांच अभी जारी है, इसीलिए पूरक चार्जशीट दाखिल नहीं की जा सकी। हालांकि, कुछ शर्तें पूरी होने पर शाम को अभिजीत मंडल जेल से रिहा हो गए, उन्हें उनकी पत्नी साथ ले गईं। लेकिन संदीप को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा, क्योंकि अस्पताल के वित्तीय भ्रष्टाचार के मामले में भी वह आरोपित हैं। मंडल पर जहां इस घटना में एफआइआर दर्ज करने में देरी का आरोप लगाया गया था, वहीं घोष पर मामले में सुबूतों से छेड़छाड़ करने का आरोप था। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर घटना की जांच कर रही सीबीआई ने दोनों को गिरफ्तार किया था। मालूम हो कि नौ अगस्त को अस्पताल के सेमिनार हाल से महिला डॉक्टर का शव बरामद हुआ था। घटना में मुख्य आरोपित सिविक वालेंटियर संजय राय को गिरफ्तार किया गया था।

## हुगली से एनआईए ने जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध सहयोगी को किया गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को हुगली जिले के सनापारा इलाके से एक युवक को जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन से जुड़े होने के संदेह में गिरफ्तार किया। अभियुक्त का नाम साबिरुद्दीन है। स्रोतों के अनुसार, साबिरुद्दीन के घर से बड़ी मात्रा में नकदी, एक मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया है। उसे पहले ही कोलकाता स्थित एनआईए कार्यालय लाया गया है। सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई एनआईए द्वारा आठ राज्यों में 19 स्थानों पर की गई छापेमारी का हिस्सा है। इस गिरफ्तारी को मौजूदा समय में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि राज्य और केंद्र सरकार की सुरक्षा एजेंसियां पश्चिम बंगाल के बांग्लादेश से सटे सीमा क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ा रही हैं। बांग्लादेश में चल रहे मौजूदा संकट के कारण इन इलाकों में खतरे की आशंका बढ़ गई है।

शिक्षक भर्ती घोटाला में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को दी सशर्त जमानत –पृष्ठ 3

# महाकुंभ एकता का महायज्ञ है : प्रधानमंत्री मोदी

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में लगभग 5500 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया**



**प्रयागराज :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि महाकुंभ देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और यह एकता का महायज्ञ है। प्रधानमंत्री ने 5500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद यहां एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, महाकुंभ देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकुंभ में जाति और संप्रदायों का भेद मिट जाता है। उन्होंने 2025 के महाकुंभ मेले के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार के उद्देश्य से 5,500 करोड़ रुपये की 167 प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने भारद्वाज आश्रम गलियारा, श्रृंगवेरपुर धाम गलियारा, अक्षयवट गलियारा, हनुमान मंदिर गलियारा का उद्घाटन भी किया। इन परियोजनाओं से श्रद्धालुओं की पहुंच आसान होगी और आध्यात्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री कुंभ 'सहायक' चैटबॉट की भी शुरुआत की। कृत्रिम बुद्धमत्ता (एआई) पर आधारित यह चैटबॉट महाकुंभ मेला 2025 के बारे में श्रद्धालुओं को कार्यक्रमों की नवीनतम जानकारी प्रदान करेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में पेयजल और बिजली आपूर्ति से संबंधित कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरूआत की। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर एक औपचारिक पूजा और दर्शन के साथ शुरू हुई। पूजा से पहले मोदी ने नदी में नौकाविहार का आनंद लिया। पूजा के अवसर पर प्रधानमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। हर 12 साल में आयोजित होने वाला महाकुंभ अगले वर्ष प्रयागराज में 13 जनवरी (पौष पूर्णिमा) से 26 फरवरी (महा शिवरात्रि) तक आयोजित किया जाएगा।

# फरक्का में नाबालिग का दुष्कर्म कर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को सजा-ए- मौत

- **एक अपराधी को उम्र कैद और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा**



**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** जयनगर के बाद अब फरक्का के एक अन्य नाबालिग लड़की से दुष्कर्म व हत्या के मामले के मुख्य आरोपी दीनबंधु हलदर (48) को जंगीपुर कोर्ट ने सजा-ए- मौत सुनाई है। शुक्रवार को कोर्ट ने दीनबंधु को फांसी पर लटकाने का निर्देश दिया है। जबकि, एक अन्य आरोपी शुभोजित हलदर (23) को आजीवन कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। बता दे कि कोर्ट ने गुरुवार को इस मामले में दो आरोपितों को दोषी ठहराया था। इसी साल दुर्गा पूजा के दौरान, 13 अक्टूबर को उक्त नाबालिका अपने दादा जी के घर आई थी। वह घर के बाहर खेल रही थी, लेकिन अचानक लापता हो गई। तीन घंटे बाद, पड़ोसी दीनबंधु हालदार के घर से उसकी बस्ते में बंद लाश बरामद हुई। इस घटना से गुस्साई भीड़ ने दीनबंधु की पिटाई कर दी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में फरक्का पुलिस ने गिरफ्तार किया। दीनबंधु पर हत्या, सबूत मिटाने और पोक्सो कानून की धारा छह के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस जांच के दौरान पता चला कि इस जघन्य अपराध में शुभ हालदार नामक एक और युवक शामिल था। 19 अक्टूबर को पुलिस ने शुभोजित को उसके घर से गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ भी वही धाराएं लगाईं। जांच में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपित नशे की लत के शिकार थे और अक्सर साथ रहते थे। शुभोजित ने नाबालिका के साथ दुष्कर्म और हत्या में दीनबंधु की मदद की थी। जंगीपुर पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक आनंद राय के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम बनाई गई। 21 दिनों में पुलिस ने 622 पन्नों की चार्जशीट जिला अदालत में दाखिल की। 52 दिनों में 31 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। 59 दिनों में अदालत ने दीनबंधु और शुभ को दोषी ठहराया और शुक्रवार को सजा का ऐलान कर दिया।

# अभिनेता अल्लू अर्जुन को उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिली



- **जेल में ही रात बिताएंगे अल्लू अर्जुन, आज आ सकते हैं बाहर**

## अल्लू अर्जुन की कोई गलती नहीं: भगदड़ में जान गंवाने वाली पीड़िता के पति ने कहा

**हैदराबाद :** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रदर्शन के दौरान महिला की मौत मामले में तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन को शुक्रवार को चार सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दे दी। इससे पहले दिन में हैदराबाद की एक अदालत ने अभिनेता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। अदालत ने अभिनेता को अंतरिम जमानत देते हुए उन्हें मामले की जांच में अधिकारियों के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया। अल्लू अर्जुन को उनकी हाल में प्रदर्शित फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' के प्रीमियर के दौरान एक महिला की मौत के मामले में आज ही हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया था और न्यायिक हिरासत के आदेश के बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चंचलगुडा जेल भेज दिया गया था। चार दिसंबर की रात अभिनेता की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक संध्या थिएटर में उमड़ पड़े थे। उसी दौरान भगदड़ मचने से 35 वर्षीय महिला रेवती की मौत हो गई थी। और उनका आठ वर्षीय बेटा घायल हो गया था। देर शाम उन्हें इस मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। हालांकि, अभी तक उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया।



## अब एटीएम से निकाल सकेंगे पीएफ

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने अपने खाताधारकों को अगले साल से सीधे एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा देने का फैसला किया है। अब तक विभागीय जटिल प्रक्रिया व लालफीताशाही के चलते कर्मचारियों को जरूरत पड़ने पर अपना ही पैसा निकालने के लिये दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। कुल मिलाकर धन निकासी में विभागीय हस्तक्षेप कम करने का प्रयास किया गया है। निश्चित रूप से श्रम मंत्रालय की यह पहल सामाजिक सुरक्षा को सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा बदलावकारी कदम है। यह कदम दक्षता सुधार व कर्मचारियों की अपने पैसे तक पहुंच बढ़ाने के लिये सार्वजनिक सेवा के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण का अच्छा उदाहरण है। दरअसल, फिलहाल ईपीएफओ की निकासी प्रक्रिया में देरी के कारण खाताधारकों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। काफी समय के बाद जरूरतमंदों के खाते तक जरूरी राशि पहुंच पाती है। निश्चय ही पीएफ निकासी कार्ड का उद्देश्य उस लालफीताशाही को दूर करना है, जिसके चलते कर्मचारियों को पैसा समय पर मिल पाएगा। वैसे कुल राशि का पचास फीसदी निकासी सीमा तय करना, वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने तथा दीर्घकालीन बचत सुरक्षा को बढ़ावा देना वाला कदम ही है। इसके अलावा भी ईपीएफओ अपने व्यापक एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसमें योगदान की सीमा बढ़ाना, भविष्य निधि बचत को पेंशन के रूप में परिवर्तित करना भी शामिल है। निश्चित रूप से यह पहल सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को ही उजागर करती है। जिसका मकसद अपने कार्यबल के लिये डिजिटलीकरण को बढ़ाना तथा जीवनयापन को आसान बनाना भी है। यह सुखद ही है कि वर्ष 2017 के बाद ईपीएफओ के सत्तर मिलियन सदस्य बढ़े हैं। उल्लेखनीय है कि इस नई सुविधा के लिये संगठन ने अपने खाताधारकों को एक विशेष पीएफ कार्ड देने का निर्णय लिया है। जो बैंक के एटीएम कार्ड की तरह काम करेगा।

बहरहाल, खाताधारक अगले साल जनवरी से अपने कार्ड के जरिये अपने खातों से सीधा पैसा निकाल सकेंगे। निस्संदेह, अब खाताधारकों के लिये पीएफ क्लेम करना और आसान हो जाएगा। वहीं एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा के बाद इसमें मानवीय हस्तक्षेप हो जाएगा। लेकिन एक बार में खाताधारक पीएफ बैलेंस का अधिकतम पचास फीसदी धन ही निकाल पाएंगे। विभाग का कहना है कि आईटी सिस्टम को उन्नत किया जा रहा है ताकि क्लेम प्रक्रिया को आसान व तेज बनाया जा सके। अब खाताधारकों को ईपीएफओ ऑफिस जाने अथवा लंबी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं होगी। उपभोक्ता चौबीस घंटे, यहां तक कि छुट्टियों में भी पैसा निकाल सकेंगे। जिससे आपातकालीन जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। हालांकि, फिलहाल भी विशेष परिस्थितियों मसलन घर खरीदने, बच्चों की पढ़ाई, शादी व बीमारी पर एक निश्चित रकम निकालने का प्रावधान है। उसमें भी नौकरी की कार्यावधि तथा धन की निर्धारित रकम तक की सुविधा ही शामिल है। ऐसे ही सेवानिवृत्ति से कुछ समय पहले तक एक बड़ी रकम निकालने की सुविधा भी शामिल है। दरअसल, केंद्र सरकार अपने सामाजिक दायित्व को विस्तार देने के क्रम में कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम कर रही है। जिसमें सरकार गिग व प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा देने के मकसद से इन कामगारों को चिकित्सा संरक्षण, डिसएबिलिटी सपोर्ट और पीएफ सुविधाएं देना शामिल है। फिलहाल इन्हें परंपरागत कर्मचारी व्यवस्था के लाभ नहीं मिल रहे हैं। इस तरह ईपीएफओ अपने सक्रिय सदस्यों की सुविधाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में बढ़ी है। मकसद यही है कि उन्हें अधिक सुविधाएं दे सके। निश्चित रूप से हमारे श्रम बाजार को औपचारिक बनाने, भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने तथा सामाजिक सुरक्षा के मद्देनजर इस कार्यबल को मेडिकल कवर व वित्तीय सहायता देना न्यायसंगत ही होगा। सरकार की पहल प्रौद्योगिकी संचालित सामाजिक कल्याण ढांचे में बदलाव की ओर संकेत देती है। इससे व्यवस्था परिचालन की विसंगतियों को दूर करते हुए नागरिक केंद्रित सेवाओं में सुधार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का भी पता चलता है। निश्चित रूप से यह कदम कर्मियों के कल्याण के मद्देनजर समानता व सुविधा के साथ सार्वजनिक संस्थानों के प्रति भरोसा बढ़ाने वाला भी है।

# मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर सपा की हार के बाद अब आजम की नाराजगी



अजय कुमार

जेल जाने से पहले तक समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की गिनती यूपी के बड़े मुस्लिम नेताओं के रूप में होती थी। मुलायम सिंह के वह सबसे खास हुआ करते थे। आजम के सहारे ही मुलायम सिंह मुस्लिम वोटरों को लुभाते थे। खासकर पश्चिमी यूपी में तो सपा के लिये आजम की राह पर चलना ही सबसे आसान तरीका समझा जाता था। सत्ता में रहते अखिलेश ने भी आजम को महत्व दिया,लेकिन योगी सरकार के आने के बाद आजम खान पर जब मुसीबतों का पहाड़ टूटा तो अखिलेश ने आजम को एक तरह से अकेला ही छोड दिया। जब तमाम नेता आजम से मिलने जेल पहुच जाया करते थे तब अखिलेश के मन में सीतापुर जेल में बंद अपने इस मुस्लिम नेता के प्रति वफादारी का भाव नहीं दिखा। यहां तक की अखिलेश द्वारा आजम के गृह जिला रामपुर के बारे में भी सियासी फैसले में उन्हें अनदेखा किया जाने लगा। इतना सब होते हुए भी आजम ने अखिलेश के खिलाफ कभी सार्वजनिक मंच से कोई बयान तो नहीं दिया,लेकिन दोनों नेताओं के बीच दूरियां सबको दिखने लगी थीं। जिस तरह से रामपुर में लोकसभा का टिकट आजम की बिना मर्जी के दिया गया और संभल के सांसद पर एफआईआर को सपा ने प्रमुखता दी, उससे कहीं न कहीं आजम का सब्र जबाव दे गया। क्योंकि अखिलेश की अनदेखी ने आजम के गृह जनपद रामपुर के साथ-साथ पश्चिमी यूपी में उनके सियासी अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है।उत्तर प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जिस तरह से समाजवादी पार्टी को मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था,उसके बाद आजम की नाराजगी सपा प्रमुख के लिये मुसीबत का सबब बन सकता है।

मुसलमानों को बीच अपनी सियासी जमीन खिसकती देख आजम ने अब दबाव की राजनीति शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि यदि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जेल में बंद अपने इस नेता को महत्व नहीं दिया तो अब आजम खान नई राह भी पकड़ सकते हैं,लेकिन आजम के लिये अलग होने की राह इतनी आसान नहीं है।क्योंकि इस बढ़बोले नेता को कोई बड़ी पार्टी अपने साथ नहीं लेना चाहती है। वैसे भी संभल पर सपा और कांग्रेस के बीच सियासी दरार पड़ती नजर आ रही है तो जेल में सजा काट रहे आजम खां ने इंडिया गठबंधन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। रामपुर के सपा जिला अध्यक्ष अजय सागर ने आजम के सियासी संदेश को पत्र के जरिये लोगों के सामने रखा है। आजम के हवाले से पत्र में इंडिया गठबंधन पर मुस्लिमों की अनदेखी का आरोप लगाया गया है। कहा है कि मुसलमानों पर इंडिया गठबंधन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी, अन्यथा मुस्लिमों को भविष्य पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।आजम ने यह भी कहा कि रामपुर में हुए जुल्म और बर्बादी का मुद्दा संसद में उतनी ही मजबूती से उठाया जाना चाहिए, जितना संभल का मुद्दा उठाया गया। रामपुर के जुल्म और बर्बादी पर इंडिया गठबंधन खामोशी तमाशाई बना रहा और मुस्लिम लीडरशिप को मिटाने का काम करता रहा।

बता दें कि लोकसभा चुनाव में आजम चाहते थे कि रामपुर से खुद अखिलेश यादव चुनाव लड़ें। आजम वहां किसी मुस्लिम नेता को पैर जमाने देना बिल्कुल भी नहीं चाहते थे लेकिन सपा ने वहां से मोहिब्बुल्लाह को टिकट दिया और वे जीत भी गए। सपा सूत्र बताते हैं कि रामपुर के लोकसभा टिकट ने आजम की सपा नेतृत्व से दूरियां बढ़ाईं। आजम को यह भी महसूस हो रहा है कि उनके मामले को सड़क से संसद तक उतनी प्रमुखता से नहीं उठाया गया, जितनी संभल के प्रकरण को तरजीह दी गई। बहराल, यूपी में बीजेपी के सत्ता में आने के बाद ही आजम खान पर सियासी ग्रहण छाया हुआ है. आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान जेल में नहीं बल्कि सजा होने के चलते अपनी-अपनी सदस्यता भी गंवा चुके हैं. इसके अलावा उपचुनाव में रामपुर और स्वार टांडा सीट भी आजम परिवार के पकड़ से बाहर निकल चुकी है। आजम खान के समर्थकों को भी लगता है कि सपा और अखिलेश यादव ने उनकी लड़ाई को मजबूती से नहीं लड़ा। इसके अलावा आजम खान की मर्जी के बगैर रामपुर लोकसभा सीट से अखिलेश यादव ने प्रत्याशी उतारा था, जितने जीत के बाद से आजम खान पर ही निशाना साधा था। जबकि जेल में बंद आजम खान से लोकसभा चुनाव के बाद से सपा का कोई बड़ा नेता मिलने नहीं गया। कुंदरकी में उपचुनाव के दौरान अखिलेश यादव ने जरूर रामपुर में आजम खान के परिवार से मुलाकात की थी, लेकिन जिस तरह आजम ने संभल के बहाने रामपुर और मुस्लिम सियासत को लेकर सवाल खड़े किए हैं, उसके चलते माना जा रहा है कि यूपी की सियासत में कोई नई खिचड़ी पक रही है।

सबसे खास यह है कि अखिलेश यादव अपने इस मुस्लिम नेता को वैसे नहीं 'पचा' पा रहे हैं जैसे उनको नेताजी मुलायम सिंह यादव हैंडिल कर लिया करते थे। यह सच है कि कई बार आजम और मुलायम के रिश्ते की खटास देखने को मिल जाती थी,लेकिन दोनों एक दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंच से कुछ नहीं कहते थे।मगर सपा के मौजूद नेतृत्व और आजम के बीच कई बार नाराजगी की खबर सामने आई है। आजम कहा भी करते हैं कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव रिश्तों को निभाना काफी अच्छी तरह जानते थे। यही कारण था कि चाहे बेनी प्रसाद वर्मा हों या आजम खान, टकराव के बाद जब वे पार्टी से अलग हुए तो उन्होंने मुलायम के खिलाफ खूब कड़वी बात की। हालांकि, मुलायम ने कभी भी इन नेताओं के खिलाफ कोई बड़ा बयान नहीं दिया। आजम खान समर्थकों की ओर से अब अल्पसंख्यक हितों के मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुप्पी पर सवाल गहराने लगे हैं। यूपी चुनाव 2022 के दौरान जब सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अखिलेश नहीं चाहते, आजम खान जेल से बाहर आएं। इस पर आजम समर्थकों ने सहमति जाहिर की थी। यूपी में 2017 में सत्ता परिवर्तन के साथ आजम के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई थी। लेकिन, अखिलेश यादव ने कभी भी उनके खिलाफ हुई कार्रवाई का खुलकर विरोध नहीं किया।

गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समुदाय सपा का कोर वोटबैंक माना जाता है, लेकिन उस पर नजर कांग्रेस से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक की है। मुस्लिम मतों के सहारे ही चंद्रशेखर आजाद नगीना सीट पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहे हैं, जिसके बाद से उनकी नजर दलित-मुस्लिम समीकरण बनाने की है। इसी मद्देनजर चंद्रशेखर आजम खान से लेकर मौलाना अरशद मदनी और मुस्लिम उलेमाओं व नेताओं के साथ अपनी सियासी केमिस्ट्री बनाने में जुटे हैं। ऐसे में आजम खान का संभल के बहाने मुस्लिम सियासत का मुद्दा उठाया है, उससे सपा की सियासी बेचैनी बढ़नी लाजमी है। आजम ने यदि अखिलेश से दूरी बना ली तो सपा के मुस्लिम वोट बैंक पर भी इसका असर पड़ सकता है।क्योंकि आज भी आजम की आवाज मुसलमानों के बीच गंभीरता से सुनी-समझी जाती है। -उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

## सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने रोमांचक ऑफर के साथ शानदार वेडिंग 'विवाह कलेक्शन' किया लॉन्च



**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपने भव्य और उत्कृष्ट रूप से डिजाइन किए गए 'विवाह कलेक्शन' की घोषणा की है। आगामी शादी के सीजन के लिए होने वाली खूबसूरत दुल्हनों के लिए डिजाइन किया गया यह विशेष कलेक्शन सोने, हीरे, प्लैटिनम, चांदी, गॉसिप और जेम स्टोन ज्वैलरी पर रोमांचक ऑफर के साथ आता है। इस कलेक्शन में नेकलेस, चूड़ियां, झुमके, अंगूठियां, पेंडेंट और कई अन्य जैसे सावधानीपूर्वक तैयार किए गए आभूषणों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स अपने सभी शोरूमों में सोने, हीरे, चांदी और प्लेटिनम आभूषणों के निर्माण शुल्क पर छूट के साथ-साथ डायमंड, गॉसिप और जेम स्टोन की खरीद पर विशेष ऑफर की पेशकश कर रहा है। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक और विपणन एवं डिजाइन प्रमुख जोइता सेन ने कहा, विवाह कलेक्शन 2025 को शिल्प कौशल के विवरण पर बहुत ध्यान देने के साथ लॉन्च किया गया है। जहां हमने जितना संभव हो सके उतना बड़ा और जितना संभव हो उतना हल्का वजन बनाने के लिए लुक को बढ़ाया है। यह हमारे विवाह कलेक्शन 2025 की यूएसपी है, सोने में हल्के वजन के साथ व्यापक लुक, हीरे के साथ भी, व्यापक लुक के साथ बजट अनुकूल कलेक्शन क्योंकि दुल्हन को अपने सबसे बड़े दिन पर चमकना चाहिए। ग्राहक 22 नवंबर से 29 दिसंबर, 2024 तक सभी सेनको गोल्ड के शोरूम में विवाह कलेक्शन पर इन रोमांचक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

## मां दुर्गा परमात्माओं की परमात्मा है : महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस जगत का विज्ञान मां काली है। जब कुछ भी नहीं था तब मां काली थी, है और रहेगी। यह शाश्वत और सनातन है। मां काली ही मां दुर्गा है। सूर्य को मां ने ही उत्पन्न किया है। सूर्य का प्रकाश समाप्त हो सकता है लेकिन मां का प्रकाश शाश्वत रहता है। हमें जो कुछ भी दिखाई दे रहा है- पृथ्वी, आकाश, पेड़-पौधे, पहाड़, पशु-पक्षी, जानवर और समस्त प्रकृति सबको मां ने बताया है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश को बनाने वाली भी मां है। जब मैं अमेरिका, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया जैसे देशों की जनकल्याण यात्रा पर गया तो वहां स्त्रियों में यूटीआई के संक्रमण की भयंकरता को देखा। वहां के डाक्टर और वैज्ञानिक कहने लगे कि इसका उपाय एंटीबायटिक दवाइयां हैं लेकिन महिलाओं का कहना था कि इससे स्थायी समाधान नहीं होता है। डाक्टर कहने लगे कि इसका कोई समाधान



नहीं है तब मैंने उनसे कहा कि इसका समाधान दैवव्यपाश्रय है। उनकी समझ में नहीं आया तब उन्हें मिरेकल वी वाश दी जिससे वे कुछ ही सेकेंडों में रोग मुक्ति हो गई और वे सब हैरान रह गए। ये उद्गार महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी ने 8 दिसंबर 2024 को कैनाल सर्कुलर रोड पर बिधान गार्डन में आयोजित प्रभु कृपा दुख निवारण समागम में श्रद्धालुओं से खचाखच भरे पंडाल में व्यक्त किए। इस समागम में महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी ने अवधान के माध्यम से श्रद्धालुओं को तत्क्षण दुख निवारण की कृपा प्रदान की। समागम में श्रद्धालुओं के अनुभव सुनकर वहां उपस्थित डाक्टर, वैज्ञानिक और बुद्धिजीवी हैरान रह गए। समागम में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, धार्मिक संस्थाओं के विद्वानों, प्रशासनिक अधिकारियों व राजनीतिक क्षेत्र से संबंधित गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर प्रभु कृपा ग्रहण की। महाब्रह्मर्षि जी ने कहा कि इस विज्ञान के अद्भुत आलोक को जानकर महामहिम राष्ट्रपति जी भी आश्चर्यजनक प्रसन्नता से भर गई। महाब्रह्मर्षि जी ने कहा कि परमात्मा स्वरूप मां दुर्गा के पाठ को छोड़ने से ही रोग आते हैं। सभी रोगों की औषधि परमात्मा का नाम है। मां दुर्गा परमात्माओं की परमात्मा है।

## मानवाधिकार आर्गनाइजेशन ने अरूण कोठारी को किया सम्मानित



**कोलकाता, समाज्ञा :** आल इंडिया ह्यूमन राइटस आर्गनाइजेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को मानवाधिकार दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके पर शहर के विशिष्ट समाजसेवी उद्योगपति अरूण कोठारी को लीजेन्डरी अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह रोटरी सदन के सभागार में दिया गया। इस मौके पर कोलकाता सहित बंगाल के सैकड़ो मानवाधिकार कार्यकर्ता और गण्यमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## हावड़ा पुलिस ने खोए हुए 112 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा सिटी पुलिस की पहल से कई लोगों को उनका खोया हुआ फोन वापिस मिला। हावड़ा पुलिस की खुफिया विभाग ने 'फिरे पावा' नामक इस पहल में सफलता हासिल की है। इस अवसर पर एक विशेष समारोह में अलग-अलग समय पर चोरी या खोए हुए 112 मोबाइल फोन बरामद किए गए और सही प्राप्तकर्ताओं को सौंप दिए गए। इस कार्यक्रम में हावड़ा के साइबर क्राइम थाना ने आम लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर हावड़ा पुलिस आयुक्त प्रवीण कुमार त्रिपाठी, संयुक्त नगरपाल के.साबरी राजकुमार, डॉ. श्यामल सामंत, आईपीएस (डीसी मुख्यालय), मौमिता घोष दास (एसीपी), खुफिया विभाग) हावड़ा सिटी पुलिस के खुफिया विभाग और बल के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, हावड़ा खुफिया विभाग के पुराने भवन का नवीनीकरण किया गया। जिसका उद्घाटन पुलिस आयुक्त प्रवीण कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## प्रेमी से शादी करने का लगातार दबाव, प्रेमी युगल ने दी जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** तलाक के बाद युवती का उसके पिता के घर के इलाके के ही एक युवक से रिश्ता हो गया। आरोप है कि वह तुरंत शादी का दबाव बना रहा था। परिणाम दुखद है। अफरा-तफरी के बीच प्रेमी जोड़े ने रेलवे लाइन पर कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना सियालदह दक्षिण शाखा पर डायमंड हार्बर के देउला रेलवे ब्रिज क्षेत्र के आसपास केंद्रित थी। परिवार रो-रोकर बेहाल है। मालूम हो कि मृत लड़की का नाम मरियम खातून है। उम्र 24 साल है। वह दक्षिण 24 परगना के उस्ती थाना क्षेत्र का रहने वाला था। उसने अपने पहले पति को तलाक दे दिया। उसके बाद, वह अपनी बेटी के साथ उस्ती में अपने पिता के घर चले गए। वहीं उसकी मुलाकात इलाके के रहने वाले साबिर मोल्ला से हुई। प्रेम संबंध विकसित होता है। साबिर के दादा का दावा है कि रिश्ते में आने के बाद लड़की उन पर शादी के लिए दबाव बनाने लगी। इसे लेकर अक्सर भ्रम की स्थिति बनी रहती थी। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, जोड़े की मुलाकात शुक्रवार सुबह हुई। वे देउला रेल ब्रिज इलाके में खड़े होकर बात कर रहे थे। शादी की चर्चा होते ही उथल-पुथल चरम पर पहुंच गई। युवक के परिवार का दावा है कि उस वक्त ट्रेन विपरीत दिशा से आ रही थी जिसे देखकर मरियम लाइन पर बैठ गईं। अपने प्रेमी को बचाने की कोशिश में ट्रेन की चपेट में आने से जोड़े की एक साथ मौत हो गई। दंपति के क्षत-विक्षत शव रेलवे लाइन के किनारे से बरामद किए गए। थाने में सूचना दी। पुलिस के मुताबिक शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच शुरू हो गई है।

## आसनसोल में अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरफ्तार

**आसनसोल :** राज्य की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट की संयुक्त टीम ने गुरुवार की रात एक अंतरराज्यीय हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त का नाम आरिफ (40) है। वह बिहार के शेखपुरा का निवासी है और वर्तमान में वह झारखंड के धनबाद में रह रहा था। बताया गया है कि आरिफ आसनसोल कॉलेजिएट स्कूल के पास मैदान के निकट संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त था। तलाशी के दौरान उसके बैग से तीन सेवन एमएम बोर की सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और छह खाली पिस्तौल मैगजीन बरामद की गईं। इस मामले में आसनसोल नॉर्थ थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज



किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपित एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का हिस्सा है और इन अवैध हथियारों को पश्चिम बंगाल लाकर अपराधियों को बेचने की योजना बना रहा था। पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 दिसम्बर, शनिवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष चतुर्दशी, 17:00 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 27:53 तक, योग : सिद्ध, 08:20 तक, सूर्योदय: 6:08, सूर्यास्त: 16:55 चन्द्रोदय : 15:46, चन्द्रास्त: 04:51, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 08:51 से 10:11

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप धन को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो अच्छा रहेगा। धन धान्य में वृद्धि होगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए आय और व्यय पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपके खर्च बढ़ने से आपकी थोड़ी टेंशन बढ़ेगी। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी मित्र से मिलकर खुशी होगी, लेकिन आप गिले शिकवे न उखाड़े।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपका बिजनेस पहले से ग्रो करेगा, जो आपके लिए खुशहाली लेकर आएगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह को आगे बढ़ाने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ किसी कोर्स के प्रति भी रुचि जागृत हो सकती है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। बिजनेस में आपको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है, जो आपको खुशी देगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए अपने कामों पर एकाग्र होकर जुटने के लिए रहेगा। संतान ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं, जो बेहतर रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्स पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपकी आय बढ़ने से आपको खुशी होगी, लेकिन आपका डूबा हुआ धन भी आपको मिलने की संभावना है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपको अपने किसी मित्र की याद सता सकती है। आप काम को लेकर ज्यादा टेंशन न लें।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। आपके पिताजी आपसे कामों को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी के प्रति बोन्डिंग अच्छी रहेगी। दोनों एक दूसरे को समझेंगे, जिससे उनका रिश्ता बेहतर चलेगा।

**मीन :** मीन राशि के जातक अपने काम को समय से पूरा करने की पूरी कोशिश में लगे रहेंगे। विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई में कुछ समस्याएं आ सकती हैं।

## वर्ग पहेली नं. 2945

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| ■ | 11 | | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | |
| 15 | | ■ | 16 | | ■ | 17 | | ■ | |
| | ■ | 18 | | ■ | 19 | | ■ | 20 | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | ■ | 24 | 25 | | ■ |
| ■ | 26 | 27 | | ■ | 28 | ■ | | ■ | 29 |
| 30 | ■ | | ■ | 31 | | | | ■ | |
| 32 | | | | | ■ | ■ | 33 | | |

बायें से दायें :- 1) पोषक; उपयोगी; कल्याणकारी; लाभपूर्ण, 4) यात्रीदल, 7) कुत्ता, 9) बड़ा मकान, 11) थोड़े-से, 12) धारण करने-वाला, 14) तरकारी, 15) अनुपस्थिति, 16) प्रभावशाली; विजयी, 17) तारीख़, 18) सूर्योदय, 19) थमा; बिगड़ा; रुका, 20) हासिल करना, 21) हुनर, 23) घिसा पिटा, 24) उचित, 26) विहीन; विना; खाली, 31) दालान, 32) शराब की लत, 33) पकाई हुई खाने की वस्तु.

ऊपर से नीचे :- 1) छोटे बीजोंवाला लम्बा और चिपटा फल, 2) देवोपहार, 3) मूल्य, 4) डरपोक, 5) फायदा, 6) आबादी गिनती, 8) बुद्धिमान, 10) चरबी, 11) स्वस्थ, 13) कुछ, 15) व्यर्थ, 16) जय-पराजय, 20) अर्जुन, 22) मुँह से निकलने वाला थूक, 25) पुलिस थाने का प्रधान अधिकारी, 27) गणित, 28) संपूर्ण, 29) आय, 30) परिधान, 31) अपराधमुक्त; छूटा.

(उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | द्रो | ह | ■ | सा | ■ | त | ना | त | नी |
| श्व | ■ | म | ■ | व | ल्क | ल | ■ | ग | ■ |
| ■ | ज | ला | व | न | ■ | ■ | भा | ड़ा | ■ |
| ठी | ■ | व | र | ■ | क | मा | ल | ■ | ना |
| क | त | र | ना | ■ | व | ■ | लो | म | ड़ी |
| ■ | मी | ■ | ■ | स | च | मु | च | ■ | ■ |
| ता | ज | म | ह | ल | ■ | ■ | न | क | ली |
| दा | ■ | ध्य | ■ | वा | जि | ब | ■ | रे | ■ |
| द | ■ | म | धु | र | ■ | ला | इ | ला | ज |

## सुडोकू-पहेली-2905

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | | | | |
| | | | | | | 8 | | 4 |
| 1 | | | | | | | | |
| | | | 2 | 5 | | | 6 | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| 7 | | | 1 | | | | | |
| | 3 | | | | 8 | | | |
| | | 4 | | | | | 9 | |
| | | | | | | 7 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 2904 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 4 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 3 |
| 2 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 3 | 9 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 8 | 4 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 5 | 4 | 2 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 4 | 9 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 3 | 2 |

# ‘हम पीछे नहीं हटेंगे’, संदीप घोष को जमानत मिलने के बाद जूनियर डॉक्टरों ने कहा

### ✒ आज जूनियर डॉक्टर्स करेंगे आंदोलन का ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और पुलिस अधिकारी अरिजीत मंडल को जमानत मिलने के बाद जूनियर डॉक्टरों ने शुक्रवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच पर निराशा व्यक्त की। इस दिन, जूनियर डॉक्टर अनिकेत महतो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 90 दिन बाद भी देश की सर्वोच्च जांच एजेंसी आरोप पत्र जारी नहीं कर सकी। दूसरी ओर, राज्य वित्तीय भ्रष्टाचार




मामले में संदीप घोष के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने की अनुमति नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि सीबीआई को अपनी नाकामी की जिम्मेदारी लेनी होगी कि आखिर क्यों सीबीआई आरोप पत्र जारी नहीं कर पाई? उन्होंने कहा कि हम न्यायिक जांच चाहते थे। कोर्ट की निगरानी में जांच करायी गयी। उन्होंने पूरे राज्य में इस घटना का विरोध हुआ था। अब नागरिक समाज को यह तय करना होगा कि वे किस ओर रहेंगे? उन्होंने नागरिक समाज से आंदोलन का आह्वान करते हुए कहा कि जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट की शनिवार को बैठक होगी। इस बैठक में आगे के आंदोलन का ऐलान किया जाएगा।

जूनियर डॉक्टर ने असफाकुल्लाह नाइया ने कहा कि सबूतों में हेराफेरी के आरोप पर आरोप पत्र जारी नहीं करने को लेकर भी सीबीआई को जवाब देना होगा। शव को जल्दबाजी में तो नहीं जलाया गया? 12-14 घंटे बाद कोई एफआईआर नहीं दायर की गई? क्या सेमिनार कक्ष में कोई बाहरी व्यक्ति था? इस गलती का जवाब सीबीआई को देना होगा। यहीं नहीं रुकते हुए उन्होंने आगे कहा कि चार्जशीट दाखिल करने के लिए राज्य प्रशासन द्वारा एनओसी जारी करने के संबंध में व्यर्थ बहाने बनाकर जांच प्रक्रिया में देरी करने का प्रयास किया गया है। हमारे सामने बड़े आंदोलन की राह पर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

### ‘कोर्ट के फैसले से यह साफ है कि सीबीआई सही से जांच नहीं कर रही है’, पीड़िता के पिता ने कहा

दूसरी तरफ, पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और पुलिस अधिकारी अरिजीत मंडल को जमानत मिलने पर मृतका के पिता ने निराशा जताई है। पीड़िता के पिता ने कोर्ट के फैसले पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कोर्ट के फैसले से यह साफ हो गया है कि सीबीआई सही तरीके से जांच नहीं कर रही है। इस दिन, मृतका के पिता ने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। 90 दिनों के अंदर संदीप घोष और अभिजीत मंडल के खिलाफ क्या करना है, ये भी सीबीआई ने पहले ही लिख लिया था। इस बात के सबूत मिले कि जांच ठीक से नहीं की गई। मैं सीबीआई से निराश हूं। हम कोर्ट जाएंगे। अदालत के बिना हमारे लिए कोई रास्ता नहीं खुला है। उन्होंने सीबीआई की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कहा कि इस बात के सबूत मिले कि वे जांच सही तरीके से नहीं कर रहे हैं। हमें अब उच्च न्यायालय जाना होगा।

# आरजीकर मामले में दूसरी बार बदला पीड़ित परिवार का वकील

### ✒ अब करुणा नंदी संभालेंगी कानूनी कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** करुणा नंदी और उनकी टीम आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की महिला जूनियर डॉक्टर के माता-पिता का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिसका इस साल अगस्त में अस्पताल परिसर में दुष्कर्म करने के साथ हत्या कर दी गई थी। नंदी और उनकी टीम सुप्रीम कोर्ट, कलकत्ता हाईकोर्ट और कोलकाता की ट्रायल कोर्ट में पीड़िता के माता-पिता का प्रतिनिधित्व करेंगी। पीड़िता के माता-पिता की पिछली वकील वृंदा ग्रोवर द्वारा मामले में आगे पेश होने से पीछे हटने के अपने फैसले की घोषणा के ठीक एक दिन बाद यह जानकारी सामने आई है। बता दें कि यह दूसरी बार है जब पीड़िता के परिवार के वकील को बदला गया है। शुरू में, कलकत्ता हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व माकपा नेता विकास रंजन भट्टाचार्य पीड़िता के परिवार का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि करुणा नंदी और सब्यसाची चट्टोपाध्याय पहले से ही बंगाल के वरिष्ठ डॉक्टरों के संगठन जाइंट प्लेटफार्म ऑफ डॉक्टर्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो दुष्कर्म और हत्या मामले के सिलसिले में जूनियर डॉक्टरों के विरोध आंदोलन को समर्थन दे रहा था। इस साल सितंबर की शुरुआत में मामले पर आंदोलन का नेतृत्व करने वाले जूनियर डॉक्टरों के वकील को भी बदल दिया गया था, जिसमें वरिष्ठ वकील गीता लूथरा की जगह वरिष्ठ वकील और सामाजिक कार्यकर्ता इंदिरा जयसिंह को नियुक्त किया गया था।

### महादेव सट्टेबाजी ऐप : ईडी ने कोलकाता में फिर छापेमारी की, 130 करोड़ की राशि के लेन-देन पर रोक

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े धन शोधन मामले में कोलकाता में नए सिरे से तलाशी ली है और 130 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की प्रतिभूतियां और जमा राशि के लेन-देन पर रोक लगा दी है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि यह तलाशी अभियान गुरुवार को चलाया गया। उल्लेखनीय है कि यह मामला संघीय एजेंसी द्वारा जारी जांच से संबंधित है जिसमें छत्तीसगढ़ के कई उच्च पदस्थ नौकरशाहों और राजनेताओं के शामिल होने का आरोप है। ईडी ने कहा कि कोलकाता में की गई तलाशी के दौरान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत 130.57 करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिभूतियां और जमा राशि के लेन-देन पर रोक लगा दी गई है। ईडी ने इस मामले में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया है और चार आरोपपत्र दाखिल किए हैं। इसने 2,426 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां भी कुर्क की हैं।

# शिक्षक भर्ती घोटाला में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को दी सशर्त जमानत

### ✒ प्रभावित व गवाहों की धमकी देने पर जमानत होगी रद्द

**नई दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को शिक्षक भर्ती घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को सशर्त अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि चटर्जी को एक फरवरी 2025 को रिहा किया जाएगा, बशर्ते कि निचली अदालत शीतकालीन अवकाश से पहले आरोप तय करे और जनवरी 2025 के दूसरे और तीसरे सप्ताह तक गवाहों से पूछताछ कर ली जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि रिहाई के बाद पार्थ चटर्जी कोई सार्वजनिक पद नहीं संभालेंगे, लेकिन विधायक के रूप में काम कर सकते हैं। पीठ ने कहा कि किसी संदिग्ध को अनिश्चित काल तक हिरासत में नहीं रखा जा सकता, इसलिए उसे आरोपी और पीड़ितों के अधिकारों में संतुलन बनाना होगा। बता दें कि शीर्ष अदालत ने चार दिसंबर को पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था और कहा था कि पहली नजर में आप भ्रष्ट व्यक्ति प्रतीत होते हैं। आपके परिसरों से करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं। शीर्ष अदालत ने अक्टूबर में पार्थ चटर्जी द्वारा 30 अप्रैल के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्हें इस आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया गया था कि उनके खिलाफ धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है। उल्लेखनीय है कि पार्थ चटर्जी को शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। नेता और उनकी कथित करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को ईडी ने कथित अवैध भर्तियों में धन के लेन-देन की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने दावा किया है कि उसने अर्पिता मुखर्जी के कई फ्लैट से 49.80 करोड़ रुपये नकद, आभूषण, सोने की छड़ें, संयुक्त स्वामित्व वाली संपत्ति और एक कंपनी के दस्तावेज बरामद किए हैं।

# लेकटाउन में दो मंजिली इमारत पर लगी आग, धुएं से घिरा इलाका

**कोलकाता, समाज्ञा :** लेकटाउन के दक्षिणदारी पोस्ट ऑफिस के पास एक दो मंजिले मकान में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। पूरा इलाका काले धुएं से ढका गया। सूचना मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन पॉकेट फायर को बुझाने के प्रयास जारी हैं। स्थानीय लोगों में दहशत मच गया। हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे डाकघर के पास आग लग गई। सबसे पहले घर की निचली मंजिल में आग लगी। सदस्य सदन से बाहर आ गए। आग तेजी से घर के बाकी हिस्से में फैल गई। दूसरी मंजिल पर आग लग गई। अधिकारियों ने कहा कि बहुत सारे लकड़ी के फर्नीचर में आग लग गई, जिससे आग तेजी से फैल गई। सूचना पाकर दमकल विभाग मौके पर गया। श्रमिक युद्धकालीन गतिविधियों में काम करने लगे। करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आबादी क्षेत्र होने के कारण रहवासियों में दहशत फैल गई। किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग किस वजह से लगी। अधिकारी घटनास्थल पर हैं।

# हम कृष्ण जन्मभूमि का मंदिर लेगें, काशी विश्वनाथ का मंदिर भी लेंगे : श्री रामभद्राचार्य जी महाराज

### 13 से 19 दिसंबर तक 108 श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन





**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के फोरशोर रेड स्थित लक्ष्मी विलास गार्डन में शुक्रवार से 108 श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। श्रीमहापुराण आयोजन समिति (पं बंगाल) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सुंदरकांड भक्त मंडल द्वारा संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जा रहा है। इस मौके पर कथा व्यास श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने कहा, मैं जबतक जगद्गुरू रामानंदाचार्य रहूंगा, तबतक सनातन धर्म का बाल भी बाका नहीं होगा और अपने बाद अपने उत्तराधिकारी को भी कहकर जाऊंगा की जीवन भर सनातन धर्म की रक्षा करना। उन्होंने राम मंदिर पर आगे कहा कि जब न्यायाधीशों ने पूछा कि रामजन्म का कोई शास्त्रीय प्रमाण है? कैसे सिद्ध करेंगे की यहां राम जी का जन्म हुआ था? उन्होंने आगे कहा कि ज्योतिष से मिलाओ वैज्ञानिकों से पूछो राम जन्मभूमि वहीं है। जहां पांच ग्रहों की आज भी दृष्टि पड़ती है। मेष के सूर्य की, मकर के मंगल की, तुला के शनि की, कर्क के बृहस्पति की और मीन के शुक्र की। उन्होंगे आगे कहा कि हम कृष्ण जन्मभूमि का मंदिर लेंगे और काशी विश्वनाथ का मंदिर भी लेंगे। हम ये भी दिखाएंगे की भारत सांतवा विश्व गुरू बन सकता है। यह कथा समारोह 19 दिसंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम के कथा संरक्षक पद्मश्री प्रह्लाद राय अग्रवाल (रूपा), दिनेश अड़ूकिया (अल्ट्रामैक्स), सज्जन बंसल (स्किपर), सुनील बंसल (उत्कर्ष), बनवारी लाल सोती, गजानंद मुनका (कालू बाबू) (साबूरी प्लाईवुड), रामचंद्र जोशी, बीरम प्रकाश सुल्तानिया, मुन्ना बाबू (ए फर्स्ट) हैं। मुख्य यजमान - सोमनाथ अड़ूकिया, दिनेश अड़ूकिया, विवेक अड़ूकिया, ज्ञान अड़ूकिया हैं और उद्घोषक प्रकाश चंडालिया हैं।




॥ उठावणा ॥

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय

**श्री रमेशचंद जी लुणावत**

(सुपुत्र : स्व. बालचंद जी लुणावत)

का स्वर्गवास शुक्रवार, दिनांक 13.12.2024 को हो गया है।

**उठावणा** आज शनिवार, दिनांक 14.12.2024 को प्रातः 9:30 बजे
जैन दादाबाड़ी 29, बद्री दास टेम्पल स्ट्रीट, मानिकतल्ला, खन्ना, कोलकाता में होगा।

-:: शोकाकुल ::-

टीकमचंद, पारसमल, प्रेमचंद, प्रेमचंद, सन्तोषचंद
विमल कुमार, विजय कुमार, गौरव, मनीष, नितिन,
संखेष, तरूण, लवयांश, लावेश, लक्ष्य
एवम् समस्त **लुणावत** परिवार
(चाचियावास, अजमेर, कोलकाता, सुरत)

**सम्पर्क :** 9830022673, 9331655551

**नोट :** उठावणा के पश्चात कोई नियमित बैठक नहीं रहेगी।

-:: प्रतिष्ठान ::-

श्री मरूधर केसरी साड़ीज प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता
श्री मरूधर केसरी ग्रुप, कोलकाता, सुरत, अजमेर

# अगले साल 27 अप्रैल को ज्वाइंट की परीक्षा

## इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर और फार्मेसी के लिए होगी परीक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा :** अगले वर्ष 27 अप्रैल को ज्वाइंट एंट्रेंस की परीक्षा है। वेस्ट बंगाल ज्वाइंट एंट्रेंस बोर्ड ने अगले साल पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तारीख की घोषणा की। शुक्रवार को संयुक्त बोर्ड द्वारा तिथि अधिसूचित कर दी गई है। परीक्षा रविवार, 27 अप्रैल, 2025 को आयोजित की जाएगी। यह प्रवेश परीक्षा बारहवीं कक्षा के बाद तीन पाठ्यक्रमों – इंजीनियरिंग, फार्मेसी और आर्किटेक्चर – में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। उम्मीदवारों को संयुक्त बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट – www.wbjeeb.nic.in या



www.wbjeeb.in के माध्यम से आवेदन करना चाहिए।

12वीं कक्षा के बाद छात्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से पश्चिम बंगाल के विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में इंजीनियरिंग, कृषि, फार्मेसी, वास्तुकला सहित विभिन्न शाखाओं में चार साल के पाठ्यक्रमों में प्रवेश पा सकते हैं। हर साल इस परीक्षा के बाद छात्रों को मेरिट लिस्ट और काउंसलिंग के आधार पर विभिन्न कॉलेजों में विभिन्न शाखाओं में प्रवेश दिया जाता है। 2025 में यह परीक्षा 27 अप्रैल रविवार को होगी। पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश बोर्ड ने शुक्रवार को यह अधिसूचना जारी की है। लेकिन उम्मीदवार कब से आवेदन करेंगे, आवेदन की आखिरी तारीख कब है – ये सारी जानकारी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

आमतौर पर, पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश बोर्ड उच्च माध्यमिक परीक्षा के पूरा होने और परिणामों की घोषणा के बीच प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। हालांकि, इस अवधि के दौरान, चिकित्सा और इंजीनियरिंग के लिए अखिल भारतीय स्तर की प्रवेश परीक्षाएँ भी होती हैं। पश्चिम बंगाल संयुक्त बोर्ड ने परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिन तय किया है, ताकि एक ही दिन दो परीक्षाएं न हों। बोर्ड की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक फिलहाल तारीख की घोषणा कर दी गई है। बाकी जानकारी यथासमय वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। अभ्यर्थियों से कहा गया है कि वे वेबसाइट पर नजर रखें।

# हाईकोर्ट ने बोर्ड अध्यक्ष को प्राथमिक मेधा सूची शीघ्र जारी करने का दिया आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष गौतम पाल को अविलंब प्राथमिक योग्यता सूची प्रकाशित करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश राजशेखर मंथोर की खंडपीठ ने शुक्रवार को प्रारंभिक भर्ती से जुड़े एक मामले में यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही मेरिट सूची प्रकाशित करने के लिए विशिष्ट नियम निर्धारित कर दिए हैं। हालांकि, 41 लोगों की भर्ती में जटिलताएं थीं। कोर्ट ने शीर्ष अदालत के आदेश के अनुरूप शीघ्र मेरिट सूची प्रकाशित करने और उन 41 अभ्यर्थियों की डीएलएड डिग्री को प्राथमिकता देने का आदेश दिया। कोर्ट सूत्रों के मुताबिक, 2013 में प्रारंभिक भर्ती प्रक्रिया परीक्षा में 41 अभ्यर्थियों की नियुक्ति को लेकर पेचीदगी थी। इन अभ्यर्थियों के पास बीएड और डीएलएड दोनों डिग्रियां थीं। जिसके



चलते उन्हें भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। प्राथमिक बोर्ड का दावा है कि चूंकि उनके पास बीएड डिग्री है, इसलिए डीएलएड डिग्री को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी। बोर्ड के इस फैसले के खिलाफ उन 41 नौकरी चाहने वालों ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इससे पहले एकल पीठ ने डीएलएड डिग्री को प्राथमिकता देने वाले अभ्यर्थियों को भर्ती करने का आदेश जारी किया था। फैसले को चुनौती देते हुए बोर्ड डिवीजन बेंच और सुप्रीम कोर्ट गया। वहां भी एकल पीठ के फैसले को बरकरार रखा गया है। फिर, बोर्ड अधिकारियों ने एक और आवेदन के साथ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। दूसरी ओर, 41 उम्मीदवारों ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर अमल नहीं होने पर मंथा खंडपीठ ने बोर्ड अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। शुक्रवार को बोर्ड अध्यक्ष ने कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट में एक अन्य मामले में मेधा सूची प्रकाशित करने का आदेश है। परिणामस्वरूप, इन 41 लोगों की सूची अलग से प्रकाशित होने पर संदेह उत्पन्न हो सकता है। इसके बाद जस्टिस राजशेखर मंथर डिविजन बेंच के आदेश के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक मेरिट लिस्ट जल्दी प्रकाशित की जाए और इन 41 अभ्यर्थियों का नाम उस मेरिट लिस्ट में रखा जाए।

### आरबीयू के पूर्व रजिस्ट्रार को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में बर्खास्त किया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** रवींद्र भारती विश्वविद्यालय (आरबीयू) ने अपने पूर्व रजिस्ट्रार सुबीर मैत्रा को वित्तीय अनियमितताओं और कई अन्य आरोपों के चलते बर्खास्त कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुबीर के खिलाफ लगे आरोपों की जांच के बाद यह कदम उठाया। सुबीर मैत्रा पर लगे आरोपों की जांच के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने विशेष जांच अधिकारी की नियुक्ति की थी। जांच अधिकारी ने पांच नवंबर को अपनी रिपोर्ट जमा की। इस रिपोर्ट की समीक्षा के बाद, विश्वविद्यालय ने सुबीर से सात दिनों के भीतर जवाब मांगा। इसके बाद, विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद (एग्जीक्यूटिव काउंसिल) की बैठक में जांच रिपोर्ट, गवाहों के बयान और सुबीर के जवाब का गहराई से मूल्यांकन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से सुबीर को बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया।

# भूपतिनगर विस्फोट मामले में एनआईए ने टीएमसी नेता के आवास पर छापा मारा

### ✒ अधिकारियों ने कई कागजी दस्तावेज भी जब्त किए

**पूर्व मेदिनीपुर :** एनआईए ने शुक्रवार को दिसंबर 2022 के भूपतिनगर विस्फोट मामले के सिलसिले में पूर्व मेदिनीपुर में जिला परिषद के लोक निर्माण कार्यकारी अधिकारी व टीएमसी नेता मानब कुमार परुआ के आवास पर छापा मारा, जिसका नाम इस साल जुलाई में भूपतिनगर विस्फोट मामले में एनआइए द्वारा दायर आरोपपत्र में पहले ही शामिल किया जा चुका है। सूत्रों ने बताया कि परुआ से घंटों पूछताछ करने के अलावा एनआईए अधिकारियों ने उसके आवास से कई कागजी दस्तावेज भी जब्त किए। उल्लेखनीय है कि एनआईए के अधिकारियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस कर्मियों (सीएपीएफ) पर इस साल अप्रैल में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हमला किया था, जब वे दो स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं मनोब्रत जना और बलाई चरण मैती को गिरफ्तार करने के बाद कोलकाता लौट रहे थे। आक्रामक सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एनआईए के वाहन की विंडस्क्रीन भी तोड़ दी थी। हमले में एक एनआईए अधिकारी भी घायल हो गया। दिसंबर 2022 में विस्फोट के बाद शुरुआत में बंगाल पुलिस के जवानों ने जांच शुरू की। बाद में, हाईकोर्ट के आदेश के बाद जांच का प्रभार एनआईए को सौंप दिया गया। केंद्रीय एजेंसी ने चार जून, 2023 को जांच का कार्यभार संभाला।

### श्री चैतन्य गौड़ीय मठ के प्राक्तन आचार्य श्रील भक्तिवल्लभ तीर्थ गोस्वामी महाराजा का जन्मशताब्दी महोत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** निखिल भारत श्री चैतन्य गौड़ीय मठ के संस्थापक आचार्य त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्ति दयित माधव गोस्वामी महाराज के प्रियतम शिष्य तथा संस्था के प्राक्तन आचार्यदेव एवं विश्व वैष्णव राज सभा के पूर्व प्राचार्य नित्यलीला प्रविष्ट ॐ विष्णुपद 108 त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्तिवल्लभ तीर्थ गोस्वामी महाराज का जन्मशताब्दी समारोह बड़ी धूमधाम से होने जा रहा है। इस अवसर पर मठ के वर्तमान आचार्य परम पूज्यपाद त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्तिविचार विष्णु गोस्वामी महाराज के मार्गदर्शन और उपस्थिति में और श्रीधाम मायापुर श्री चैतन्य गौड़ीय मठ के मठाधीश त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्तिवैभव नारायण महाराज के संचालन में हावड़ा जिले के उलूबेरिया उपमंडल अंतर्गत कराटबेरिया गांव के यूनाइटेड भतार मैदान में 14 व 15 दिसंबर को विशाल नगर संकीर्तन व धर्म सभा का आयोजन किया गया है। शनिवार 14 दिसंबर को श्रीधाम वृन्दावन, पुरी एवं मायापुर के पांच सौ से अधिक आचार्य, संन्यासी, ब्रह्मचारी एवं हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सामूहिक आरती एवं मांगलिक मंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा। दोपहर 3 बजे श्रील भक्तिवल्लभ तीर्थ गोस्वामी गुरु महाराज के विग्रह दिव्य सुरम्य रथ पर विराजमान होकर भुवनमंगल श्री हरिराम संकीर्तन के साथ नगर भ्रमण करेंगे। रविवार 15 दिसंबर को सुबह-शाम श्रील गुरुदेव की महिमा कथामृत की प्रस्तुति होगी। सुबह 10 बजे महाआरती, विविध सुगंधों से श्रील गुरुदेव का महाअभिषेक, अनेक मधुर स्वरों के साथ पूजा, भोग इत्यादि मंगलमय कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था होगी।

# उप राष्ट्रपति कल जीएसआई के अत्याधुनिक भूविज्ञान संग्रहालय का करेंगे उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 15 दिसंबर को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के नवनिर्मित अत्याधुनिक भूविज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे। जीएसआई मुख्यालय, कोलकाता द्वारा शुक्रवार को एक बयान में इसकी जानकारी दी गई। बयान में बताया गया कि उद्घाटन समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री व राज्यपाल के अलावा केंद्रीय कोयला और खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के महानिदेशक असित साहा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। जीएसआई के प्रवक्ता ने बताया कि ग्वालियर में 1910 में निर्मित ऐतिहासिक विक्टोरिया मार्केट



बिल्डिंग में स्थापित यह अत्याधुनिक संग्रहालय भूविज्ञान शिक्षा और सार्वजनिक जुड़ाव का केंद्र बनने के लिए तैयार है। जीएसआई इस भूविज्ञान संग्रहालय के जरिए पृथ्वी विज्ञान के चमत्कारों को प्रदर्शित कर जनता के बीच वैज्ञानिक स्वभाव और ज्ञान-साझाकरण को बढ़ावा देना चाहता है। संग्रहालय में दो दीर्घाएं हैं जो पृथ्वी, वायुमंडलीय और महासागर विज्ञान के साथ-साथ जीवन के विकास के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। अत्याधुनिक प्रदर्शनियों, इंटरैक्टिव प्रतिष्ठानों, दुर्लभ भूवैज्ञानिक नमूनों और मल्टीमीडिया डिस्प्ले के साथ, संग्रहालय शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, छात्रों और आम जनता को समान रूप से जोड़ने का वादा करता है। ग्वालियर नगर निगम और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) के समन्वय में विकसित यह संग्रहालय भूविज्ञान साक्षरता को आगे बढ़ाने और पृथ्वी और उसके संसाधनों के बारे में जिज्ञासा जगाने के लिए जीएसआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### व्हिसपर ने अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत का प्रमुख फेमिनिन हाइजीन ब्रांड व्हिसपर एक नई क्रांति लेकर आया है। इसके नए उत्पाद व्हिसपर अल्ट्रा अपटू नो गैप, नो लीक्स ने पीरियड्स के दौरान सुरक्षा और आराम को नए सिरे से परिभाषित किया है। दुनिया की पहली कर्ववियर तकनीक से लैस यह पैड खासतौर पर महिलाओं की शारीरिक बनावट के अनुसार डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य है – पूरे दिन नो गैप, नो लीक अनुभव के साथ नर्म और आरामदायक एहसास देना। इस लॉन्च के साथ व्हिसपर ने बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। अनन्या इस अभियान का चेहरा बनकर किशोरियों और महिलाओं के साथ पीरियड्स से जुड़ी परेशानियों पर खुलकर चर्चा कर रही हैं। इस पहल के जरिए व्हिसपर न केवल आत्मविश्वास बढ़ा रहा है, बल्कि हर लड़की और महिला को अपनी जिंदगी के हर पल को खुलकर जीने का संदेश भी दे रहा है।

### मीशो साल-दर-साल 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बना ग्राहकों की पसंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने 2024 में जबरदस्त वृद्धि की है। इसने सभी तक इंटरनेट कॉमर्स पहुंचाते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अपने प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले ऑर्डर में साल-दर-साल 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मीशो ग्राहकों की पसंद से जुड़ा हुआ है और देश में तेजी से ई-कॉमर्स का विस्तार कर रहा है। इसकी वृद्धि भारत में किफायती शॉपिंग पसंद करने वाले ग्राहकों के कारण है, जो फैशन, ब्यूटी, पर्सनल केयर और होम एसेंशियल्स में सस्ते और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदना चाहते हैं। देश के विभिन्न इलाकों और आबादियों के बीच उपभोक्ताओं के लगातार बदलते व्यवहार के साथ ई-कॉमर्स का भी विस्तार हो रहा है, तथा ग्राहक सस्ते दामों में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मीशो लगातार चौथे साल सबसे ज्यादा डाउनलोड होने वाला शॉपिंग ऐप बन गया, जिसे 210 मिलियन से ज्यादा बार डाउनलोड किया गया।

### यासमीन कराचीवाला ने दुल्हनों के लिए बताए शादी के दिन सबसे खूबसूरत दिखने के 5 टिप्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** हर दुल्हन की ख्वाहिश होती है कि वह अपनी शादी के दिन सबसे खूबसूरत और आत्मविश्वास से भरी नजर आए, और यह पूरी तरह से सही है। हालांकि, शादी की तैयारियों में ढेर सारे कामों के बीच खुद की सेहत और फिटनेस अक्सर पीछे रह जाती है। फिटनेस कोच और पिलेट्स एक्सपर्ट यासमीन कराचीवाला अपनी कुछ खास टिप्स शेयर कर रही हैं, जिनकी मदद से हर दुल्हन खुद को आत्मविश्वास से भरपूर और दमकता हुआ महसूस कर सकती है। इन टिप्स में कैलिफोर्निया आमंड के साथ करें स्मार्ट स्नैकिंग, दिन में तीन बार 10 मिनट की एक्सरसाइज, आपके शरीर और मन दोनों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। हाइड्रेशन पर भी ध्यान रखें। हाइड्रेटेड बने रहने से पाचन बेहतर होता है। इसके अलावा, माइंडफुल ब्रीदिंग और लाइट योगा जैसी चीजों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने से दिमाग शांत होता है।

### भारत को 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में 2.2 ट्रिलियन डॉलर के निवेश की जरूरत : नाइट फ्रैंक इंडिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी रियल एस्टेट कंसल्टेंसी नाइट फ्रैंक ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर: रिवाइविंग प्राइवेट इन्वेस्टमेंट्स में कहा है कि इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में 2.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (टीएन) का अनुमानित निवेश 2030 तक भारत के जीडीपी को 7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने के लिए जरूरी है। 2030 तक 7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का आर्थिक आकार हासिल करने के लिए, भारत की अर्थव्यवस्था को 2024-2030 के बीच 10.1 फीसदी की सीएजीआर की दर से बढ़ने की आवश्यकता है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर मजबूत प्रोत्साहन और सरकार द्वारा बजटीय आवंटन में वृद्धि के कारण लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) में भारत की रैंकिंग 2014 में 54 से सुधरकर 2023 में 38 हो गई है। कुछ वर्षों में, नीति निर्माताओं द्वारा भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर का व्यापक रूप से विस्तार करने के लिए आक्रामक प्रयास किया गया है।

### वीवो एक्स200 सीरीज जीस इमेजिंग और फ्लैगशिप परफॉर्मेंस के साथ स्मार्टफोन को बना रहा और भी बेहतर

**कोलकाता, समाज्ञा :** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने भारत में अपनी एक्स200 सीरीज का अनावरण किया। वीवो एक्स200 प्रो और वीवो एक्स200 से मिलकर बने इन नए फ्लैगशिप स्मार्टफोन ने फोटोग्राफी, परफॉर्मेंस और डिजाइन के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। 200एमपी जीस एपीओ टेलीफोटो कैमरा, फ्लैगशिप मीडियाटेक डाइमेंशन 9400 और भारत की पहली 6000 एमएएच सेमी-सॉलिड-स्टेट बैटरी जैसी इंडस्ट्री-फर्स्ट सुविधाओं के साथ, एक्स 200 सीरीज उपयोगकर्ताओं को पहले से कहीं ज्यादा कैप्चर, परफॉर्म और बेहतरीन प्रदर्शन करने में सक्षम बनाती है। वीवो एक्स200 प्रो बेहतरीन टिकाऊपन और आकर्षक डिजाइन के साथ अत्याधुनिक इमेजिंग तकनीक को बेहतरीन तरीके एकसाथ लेकर आता है, जिसमें शानदार क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले और स्लिम प्रोफाइल है। यह फ्लैगशिप डिवाइस 16जीबी + 512जीबी वैरिएंट के लिए 94,999 रुपये में उपलब्ध है। दोनों मॉडल 19 दिसंबर, 2024 से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। प्री-बुकिंग 12 दिसंबर से शुरू होगी।

### बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई के खिलाफ 16 दिसंबर को देश भर में विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई के खिलाफ और पीएसजीआई कंपनियों के विलय और मजबूती की मांग को लेकर 16 दिसंबर को देश भर में दोपहर के भोजन के दौरान विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों की यूनियनों और एसोसिएशनों का मानना है कि बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई की अनुमति देने के प्रस्ताव को वापस लिया जाना चाहिए। पिछले रुझानों से संकेत मिलता है कि एफडीआई सीमा बढ़ाने से देश में बीमा पहुंच में उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है। इसके बजाय, एफडीआई प्रवाह मुख्य रूप से लाभ-प्रेरित रहा है, जो भारत की सामाजिक-आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के बजाय पूंजी प्रत्यावर्तन पर केंद्रित है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि बीमा क्षेत्र में अब तक एफडीआई की वर्तमान सीमा जो कि 74% है का केवल 32.67% का उपयोग किया गया है, जो ऐसी पूंजी की सीमित मांग की ओर संकेत करता है। इसके अलावा, एफडीआई ने लोगों की सेवा करने और राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा देने के बजाय लाभ सृजन और पूंजी प्रत्यावर्तन को ही प्राथमिकता दी है। यूनियन और एसोसिएशन निम्नलिखित की मांगें है कि सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों का विलय हो।

# सीकर नागरिक परिषद ने मनाया गीता जयंती महोत्सव



**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा बुधवार गीता जयंती के अवसर पर श्रीमद्भगवत गीता के षष्ठम् अध्याय पर प्रश्नोत्तरी एवं श्लोक पाठ पश्चिम बंगाल के स्कूलों के मध्य अंतरविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा गणेश जी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका सुनीता लोहिया एवं रश्मि सराफ ने किया। प्रश्नोत्तरी संचालन संयोजिका विभा सीकरिया ने किया। प्रधान अतिथि प्रेम शंकर त्रिपाठी ने गीता के नित्य पाठ करने का महत्व समझाया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में अजियेंद्र नाथ त्रिवेदी, योगेश राज उपाध्याय एवं सुरभी रूईया ने भी सरल शब्दों में श्रीमद्भगवत गीता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 15 स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान नेशनल इंग्लिश स्कूल (राजारहाट), हरियाणा विद्या मंदिर एवं बिड़ला हाई स्कूल द्वितिय स्थान पर तथा नेशनल इंग्लिश स्कूल (वी.आई.पी.) एवं मारवाड़ी बालिका विद्यालय तृतीय स्थान पर रहे। परिषद के नृत्य क्लास के बच्चों ने श्रीमद्भगवत गीता पर आधारित एक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। सभी स्कूलों को मोमेंटो एवं सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार तथा सर्टिफिकेट भी दिया गया। कार्यक्रम के उपरांत अल्पाहार की व्यवस्था रही। सचिव रवि शंकर सीकरिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर न कि परिषद का मान बढ़ाया बल्कि भारतीय संस्कृति का भी गौरव बढ़ाया। प्रतिस्पर्धा में बच्चों ने जिस प्रकार अपनी प्रस्तुति दी वो अविश्वसनीय हैं। गीता में कहा गया हैं कर्मण्येवाधिकारस्तें मा फलेषु कदाचन अर्थात हम सभी बिना फल की चिंता किए अपना सात्विक कर्म लगातार करते रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा हम इस कार्यक्रम के लिये परिषद अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया एवं ट्रस्टी भगवती प्रसाद जालान का तहे दिल से आभारी है जिनकी प्रेरणा से यह कार्यक्रम विगत सात वर्षो से हो रहा हैं। मैं सभी महिलावृंद एवं कार्यकर्ताओं का भी आभारी हूं। जिन्होंने इस कार्यक्रम को इतना सुंदर रूप में सजाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति बियानी, किरण सोढ़ानी, अपर्णा शर्मा, विभा सीकरिया, उषा अग्रवाल,रीता अग्रवाल, रवि लोहिया, कमल प्रसाद चौधरी, राजकुमार अग्रवाल, रतन कुमार सीकरिया, सुशील बजाज का भरपूर सहयोग रहा।

# 32वें पुरुष और चौथे महिला इंटर रेलवे आरपीएफ फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांचरापाड़ा के मल्टी-डिसिप्लिनरी स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमडीएसटीआई) में शुक्रवार को 32वीं पुरुष और चौथी महिला अंतर-रेलवे रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) फुटबॉल टर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार उपस्थित हुए। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के आईजी-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त परमशिव उपस्थित रहे। सुमित सरकार ने औपचारिक रूप से फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस मौके पर सुमित सरकार ने पूर्व रेलवे की आरपीएफ टीम की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस वर्ष की प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में



14 टीमें और महिला वर्ग में टीमें शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 दिनों तक चलेगा, जिसका समापन 23 दिसंबर 2024 को होगा। उद्घाटन मैच में पश्चिम रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे के बीच जोशीला मुकाबला हुआ, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा। इसके साथ ही, चौथी अंतर-रेलवे महिला फुटबॉल प्रतियोगिता भी पुरुषों के टूर्नामेंट के साथ आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न रेलवे जोनों की टीमें अपनी प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन करने के लिए एक साथ आ रही हैं। यह आयोजन पूर्व रेलवे के आईजी-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त परमशिव के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।

# उद्योग जगत को शिक्षा में आगे आना चाहिए : बिनोद कुमार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव बिनोद कुमार ने शैक्षणिक जगत में उद्योग की भागीदारी की जमकर वकालत की। उन्होंने पिछले 7 दशकों में उच्च शिक्षा में भारत की प्रभावशाली प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों की व्यक्तिगत योग्यता के आधार पर विषयों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आग्रह किया कि उद्योग शैक्षणिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। एमसीसीआई ने गुरुवार को एमसीसीआई कॉन्फ्रेंस हॉल में '21वीं सदी में उच्च शिक्षा – नई शिक्षा नीति 2020 के तहत संभावनाएं और चुनौतियां' पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में राज्य के उच्च एवं स्कूल शिक्षा, प्रमुख सचिव, बिनोद कुमार (आईएएस) सत्र के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में जेआईएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज एंड रिसर्च के निदेशक पद्मश्री प्रो. (डॉ.) अजय




कुमार रे, एडमास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ.) सुरंजन दास और जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) भास्कर गुप्ता ने भी सत्र को संबोधित किया। सत्र को संबोधित करते हुए उच्च एवं स्कूली शिक्षा के प्रधान सचिव आईएएस बिनोद कुमार ने भारत के उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को और बढ़ाने के लिए उद्योग-अकादमिक सहयोग सहित प्रौद्योगिकी और नवीन प्रथाओं का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। एनईपी 2020 की पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रो. (डॉ.) सुरंजन दास, कुलपति, एडमास विश्वविद्यालय ने उल्लेख किया कि उच्च शिक्षा प्राप्ति में बढ़ती वैश्विक बढ़त के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के उदय और विश्व राजनीति में भारत के नेतृत्व के कारण एनईपी 2020 को अपनाया गया, जो सही समय पर आया है। उन्होंने सुझाव दिया कि उच्च शिक्षा में निजी खिलाड़ियों की उपस्थिति और उच्च शिक्षा के व्यावसायीकरण के बीच गुणात्मक अंतर आवश्यक है। पद्मश्री प्रो. (डॉ.) अजॉय कुमार रे, निदेशक, जेआईएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज एंड रिसर्च ने अपने संबोधन में शिक्षाविदों में अंतः विषय दृष्टिकोण के महत्व को बताया। उन्होंने परिसरों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने और पहल के माध्यम से अनुसंधान का समर्थन करने के महत्व पर भी जोर दिया। प्रो (डॉ.) भास्कर गुप्ता, कुलपति, जादवपुर विश्वविद्यालय ने समग्र विकास के लिए रोडमैप प्रदान करने के लिए एनईपी की सराहना की। एमसीसीआई के अध्यक्ष अमित सरावगी ने डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से ग्रामीण शिक्षा में बदलाव का आग्रह किया। उन्होंने उद्योग-अकादमिक साझेदारी पर भी जोर दिया और यह न केवल इंटर्नशिप और प्लेसमेंट और अनुभवात्मक शिक्षा के संदर्भ में है बल्कि अनुसंधान और विकास में भी है और एमसीसीआई यहां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# कॉनकॉर के सीएमडी संजय स्वरूप ने किया ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड का दौरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय स्वरूप ने शुक्रवार को ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड (बीसीएल) का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य दोनों संगठनों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और भारत की लॉजिस्टिक्स और विनिर्माण क्षमताओं को सशक्त बनाना था। उनके साथ कॉनकॉर के निदेशक (प्रोजेक्ट्स और सर्विसेज) श्री अजीत कुमार पांडा और कॉनकॉर टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। बीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मोहम्मद असद आलम और वरिष्ठ अधिकारियों ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर संजय स्वरूप और अजीत कुमार पांडा ने बल्क सीमेंट परिवहन के लिए डिज़ाइन



किए गए 20 फीट आईएसओ टैंक कंटेनर और बीएलएसएस वैगन (25टी स्पाइन कार) का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यशाला में बनाए जा रहे अन्य वैगन और कंटेनरों की भी समीक्षा की। मोहम्मद असद आलम ने आश्वासन दिया कि बीसीएल कॉनकॉर के ऑर्डर को समय पर पूरा करेगा और दोनों संगठनों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) रेलवे मंत्रालय के अंतर्गत एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जबकि ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड रेलवे मंत्रालय के अंतर्गत मिनीरत्न- ख सीपीएसयू है। दोनों संगठन भारत के लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर भारत मिशन में योगदान देने के लिए एक साथ काम करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।

# पूर्व रेलवे ने मालदह डिवीजन लेवल क्रॉसिंग पर सुरक्षा मानकों को बढ़ाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने मालदह डिवीजन में लेवल क्रॉसिंग की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने में एक साहसिक छलांग लगाई है। दो महत्वपूर्ण स्थानों पर अत्याधुनिक उन्नयन के साथ-बाराहाट-मंदारहिल सेक्शन में गेट नंबर 31/स्पेशल/ई और गेट नंबर 29/स्पेशल/ई और बोनिडंगा में गेट नंबर 63/ए/ई- तिलडांगा खंड- रेल और सड़क उपयोगकर्ता अब बढ़ी हुई सुरक्षा के साथ यात्रा कर सकते हैं। पूर्व रेलवे ने इन क्रॉसिंगों को इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर और स्टैंडबाय स्लाइडिंग बैरियर से सुसज्जित किया है, जिससे आपात स्थिति के दौरान भी सुचारू और




सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। इन गेटों का आधुनिकीकरण- विशेष रूप से गेट नंबर 31/एसपीएल/ई, जो प्रतिदिन 50 हजार से अधिक वाहनों को सेवा प्रदान करता है – देरी को कम करते हुए जीवन की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मालदह डिवीजन के लेवल क्रॉसिंगों का उन्नयन केवल तकनीकी प्रगति नहीं है, बल्कि जीवन की रक्षा के लिए पूर्व रेलवे की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। रेलवे ट्रैक पार करना केवल एक नियमित गतिविधि नहीं है। यह एक साझा जिम्मेदारी है, यात्रियों, पैदल यात्रियों और मोटर चालकों को सतर्क रहना चाहिए और अपनी भलाई सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए।

# भाजपा ने राज्य में 16.81 लाख डुप्लीकेट वोटर का लगाया आरोप, राज्य चुनाव अधिकारी से की शिकायत



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा के प्रतिनिधियों ने मतदाता सूची में डुप्लिकेट नामों के मुद्दे पर राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी से मुलाकात की। शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल में शिशिर बाजोरिया और प्रताप बनर्जी ने मुख्य चुनाव अधिकारी से मिलकर विषय पर सारी जानकारी देते हुए उन्हें पत्र सौंपा। शिशिर बाजोरिया ने कहा कि आज हमारा सबसे अहम मुद्दा बंगाल की वोटर लिस्ट से लोगों के नाम हटाना था। हम लोगों ने उसे अच्छी तरह से देखा। पूरी जांच की, और कंप्यूटर में भी अच्छे से लिस्ट चेक की। बंगाल में 16 लाख 81 हजार डुप्लीकेट वोटर निकले हैं, जिसके तीन फील्ड मैच करते हैं और 32 हजार डुप्लीकेट वोटर निकले हैं जिसका एपिक नंबर एक ही है। उन्होंने कहा कि यह बहुत मायने रखता है क्योंकि आज तृणमूल कांग्रेस और हमारे (भाजपा) बीच का जो व्यवधान है वह मात्रा सवा सत्रह लाख वोट का है। इसमें एक और चीज देखी गई। उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जो दो बड़े जिले हैं, उनमें सात लाख 20 हजार डुप्लीकेट वोटर हैं और इन्हीं दो जिलों से तृणमूल कांग्रेस 80 के लगभग सीट जीतती है। भाजपा नेता ने कहा कि विरोधी पार्टी और हम वहां शून्य पर हैं। यह जनता के वोट से ही बल्कि चोरी के वोट से जीते हैं। हमारी ये मांग है कि इसमें आपको संशोधन करना पड़ेगा और इसका एक बहुत साधारण उपाय है कि एक ही दिन आप सबको हियरिंग दीजिए, पूरे बंगाल में एक ही दिन और एक ही समय में सभी को बुलाइए, तो असल में एक ही नाम के जो दो वोटर हैं वे दो जगह खड़े हो जाएंगे। सीईओ ने हमारी मांग पर कहा है कि वह जल्द से जल्द इस पर गौर करेंगे, और जहां तक होगा जल्द से जल्द इसका रास्ता निकाल लेंगे।

## सोमवार को महानगर में रहेगी जलापूर्ति बाधित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोमवार 16 तारीख को उत्तर व पूर्व कोलकाता सहित महानगर के अधिकांश हिस्सों में जलापूर्ति बाधित रहेगी। कोलकाता नगर निगम के टाला टैंक जल सेवा बंद रहेगी। निगम के अनुसार सोमवार की सुबह छह बजे पानी दिया जाएगा। उसके बाद से यह पूरे दिन व रात बंद रहेगा। अगले दिन 17 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे से पुनः पेयजल सेवा प्रदान की जाएगी।

## नकली वैक्सीन मामले में नया मोड़, पुलिस की भूमिका की होगी सीबीआई जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर-ेपी देबंजन देव ने नकली वैक्सीन मामले में कोलकाता पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में मामला दायर किया है। न्यायाधीश तीर्थंकर घोष ने उनके द्वारा दायर मामले की सुनवाई करने का संकेत दिया। देबंजन ने आरोप लगाया कि कोलकाता पुलिस ने जांच के नाम पर सारी जानकारी और सबूत नष्ट कर दिए। अगर जांच ठीक से होती तो इस मामले में कई प्रभावशाली लोगों के नाम शामिल होते। उन्होंने आरोप लगाया लेकिन कोलकाता पुलिस ने उन्हें बचाने के लिए सभी दस्तावेज नष्ट कर दिए। इसी वजह से उन्होंने पिछले साल कलकत्ता हाई कोर्ट में केस दायर किया था और नकली वैक्सीन मामले में कलकत्ता पुलिस की भूमिका की जांच सीबीआई से करने का अनुरोध किया था।जस्टिस घोष ने इस मामले को अगले हफ्ते फिर से मेंशन करने का आदेश दिया। संयोग से, पुलिस ने 24 जून, 2021 को एक नकली आईएएस अधिकारी और कोलकाता नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त की गलत पहचान के तहत शहर के कसबा इलाके में कई शिविरों में कोरोना वैक्सीन देने के आरोप में देबंजन देव को गिरफ्तार किया था। तत्कालीन जादवपुर सांसद मिमी चक्रवर्ती के आदेश पर देबंजन और उनके छोटे चचेरे भाई समेत 8 अन्य लोगों के खिलाफ कसबा समेत कुल 11 पुलिस स्टेशनों में मामला दर्ज किया गया था। उस घटना के चलते देबंजन करीब 3 साल तक जेल में रहे। वह हाल ही में जेल से रिहा हुआ था। इसके बाद उन्होंने दोबारा कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब देखने वाली बात ये है कि कोर्ट इस मामले में क्या राय लेता है।

## गोघाट के भाजपा विधायक पहुंचे कोलकाता नगर निगम, मिले मेयर फिरहाद से

**हुगली/कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम में अचानक दिखे भाजपा विधायक। शुक्रवार की दोपहर को अचानक निगम मुख्यालय पहुंचे पूर्व वामो नेता को देखकर कई लोगों के मन में यह सवाल है कि क्या गोघाट के बिश्वनाथ कारक पार्टी बदलने के लिए पहले राज्य के मंत्री और मेयर से मिलने आए थे? हालांकि भाजपा विधायक ने इसका खंडन किया। भाजपा विधायक अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर निगम मंत्री फिरहाद हकीम से मिलने पहुंचे हैं। बातचीत के बाद समाधान का आश्वासन मिलने पर विधायक बिश्वनाथ कारक ने फिरहाद हकीम की जमकर तारीफ की। हुगली के बिश्वनाथ कारक वाम विंग में सीपीएम के विधायक थे। बाद में उन्होंने पार्टी बदल लीं और भाजपा में शामिल हो गए और 2021 का विधानसभा चुनाव गोघाट से जीता। उनके क्षेत्र में सड़कों से जुड़ी समस्याएं हैं। उन समाधानों के लिए बिश्वनाथ कारक शुक्रवार को कोलकाता नगर निगम में उपस्थित हुए। मेयर फिरहाद हकीम से मिलने उनके चेम्बर गए। तभी चर्चा शुरू हो गई, लेकिन क्या गोघाट के विधायक गेरुआ छोड़कर घासफुल खेमे में नामांकन करने की तैयारी में हैं? खबर है कि दोनों के बीच कई घंटों तक बातचीत हुई। नगर निगम से बाहर आते हुए विश्वनाथ कारक ने कहा कि अगर उनके क्षेत्र में कोई समस्या है तो मेयर वहां जाएंगे, वे इससे इनकार नहीं करेंगे। क्षेत्र के विकास में उन्हें राजनीति नजर नहीं आती। वह लंबे समय से विधायक हैं। वे भी लंबे समय तक विधायक रहे हैं।पहले वे वामपंथी विधायक थे अब भाजपा में है। वे अपने क्षेत्र में नगरपालिका की समस्याओं के बारे में बात करने आए थे। इसमें कोई राजनीति नहीं है। मुलाकात दलबदल का संकेत नहीं है।

## गोल्फ ग्रीन में कूड़े के ढेर में मिला महिला का कटा हुआ सिर, इलाके में मची सनसनी



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के टॉलीगंज स्थित गोल्फ ग्रीन इलाके में शुक्रवार की सुबह कूड़े के ढेर से एक 35 से 40 वर्ष की महिला का कटा हुआ सिर मिला। उक्त घटना से इलाके के लोगों में दहशत भी फैल गई। पुलिस व स्थानीय लोगों ने बताया की घटना गोल्फ ग्रीन की है और लोगों ने यहां कूड़े के ढेर में प्लास्टिक की पॉलीथीन में लिपटा हुआ एक महिला का सिर पाया गया। महिला का कटा सिर का पता तब चला जब यहां के बहुमंजिली इमारत के पीछे सफाई की जा रही थी। वारदात की सूचना मिलने पर डीसी (एसएसडी) विदिशा कलिता भी वरीय पुलिस के अधिकारियों के साथ पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सिर किसका है, वह वहां कैसे पहुंचा। पुलिस उक्त महिला के धड़ की भी तलाश कर रही है। प्राथमिक जांच में उक्त घटना को हत्या का मामला माना जा रहा है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। मामले में पुलिस ने जल्द से जल्द इस मामले को सुलझाने और दोषियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। घटनास्थल पर स्नीफर डॉग को भी लाया गया। पुलिस ने बताया कि स्नीफर डॉग घटनास्थल से करीब 400 मीटर दूर एक अपार्टमेंट में गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कटे हुए सिर पर चोट के निशान और खून के धब्बों से यह पता चलता है कि हत्या उसके बरामद होने के 12 घंटे के भीतर ही की गई होगी, लेकिन हत्या के सही समय का पता पोस्टमार्टम जांच के बाद ही लग सकेगा।

## इस्कॉन के लिए बांग्लादेश में परिस्थितियां कठिन : कोलकाता इस्कॉन

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस्कॉन की कोलकाता इकाई के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर जारी हमलों के कारण वहां संगठन के लिए परिस्थितियां कठिन हैं। दास ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों में कमी नहीं आने और कई बांग्लादेशी नेताओं द्वारा दिए गए कट्टरता को बढ़ावा देने वाले बयानों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए इस तरह की बयानबाजी पर रोक लगनी चाहिए। दास ने उम्मीद जताई कि अंतरिम सरकार शासन की अपनी भूमिका निभाएगी। राधारमण दास ने कहा कि हाल के दिनों में बांग्लादेश में इस्कॉन की कई संपत्तियों पर हमले हुए हैं। हिंदुओं की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। देश के हालात के कारण बांग्लादेश में इस्कॉन के लिए परिस्थितियां कठिन हैं। बीएनपी के एक नेता द्वारा देश के हर युवा को भविष्य में भारत के साथ संभावित संघर्ष के मद्देनजर हथियार प्रशिक्षण लेने के लिए उकसाने वाले कथित बयान के बारे में पूछे जाने पर दास ने कहा कि इस तरह की गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से स्थिति में सुधार नहीं होगा, बल्कि इससे कट्टरपंथियों को बढ़ावा मिलेगा। इस्कॉन के प्रवक्ता ने कहा कि हमें उम्मीद है कि अंतरिम सरकार शासन की अपनी भूमिका निभाएगी और अल्पसंख्यकों सहित बांग्लादेश के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। हमें उम्मीद है कि हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को तुरंत रिहा किया जाएगा और निष्पक्ष सुनवाई होगी।

## कोलकाता पुलिस मुख्यालय में फर्जी अधिकारी बनकर धमकी भरा फोन, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी आयकर अधिकारी बनकर कोलकाता के पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में फोन किया। 15 दिन पहले जावेद नाम के शख्स ने कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार में फोन कर खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताया। तभी हंगामा मच गया। सूत्रों के मुताबिक, कुछ समय पहले कोलकाता पुलिस ने जिस एक आरोपी को गिरफ्तार किया था, उसे छोड़ने के लिए कहा गया था। साथ ही फर्जी आयकर अधिकारी ने मामला रफा-दफा करने की बात कही। उसके बाद लालबाजार में हंगामा मच गया। वह कौन है, उसका असली मकसद क्या है, यह पता लगाने के लिए लालबाजार के अधिकारी इस बात की जांच करने में जुट गए कि क्या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश है। मोबाइल नंबर के आधार पर तलाश शुरू होती है। कोलकाता पुलिस के जासूसों ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी जावेद को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। लालबाजार सूत्रों के मुताबिक यह पहली बार नहीं है। पहले भी ऐसी कई शिकायतें आ चुकी हैं। यह जावेद बिहार, ओडिशा, असम समेत कई राज्यों में फर्जी पहचान से कॉल करता था। फिलहाल उसे ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाया जा रहा है।

# नेताजी चाय पीने गए थे, इससे इमारत को नहीं मिलेगी ऐतिहासिक का दर्जा

### ✒ राज्य विरासत आयोग की अनुमति पर मिलेगी तमग़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेताजी चाय पीने गए थे, इस तरह का घर भी वाम युग में विरासत बना हुआ है। अब किसी इमारत को विरासत के रूप में तभी सूचीबद्ध किया जा सकता है जब राज्य विरासत आयोग द्वारा अनुमति मिलेगी। मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि 'वास्तुशिल्प मूल्य' और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए 'ग्रेड' का चयन किया जाएगा। किस इमारत को कोलकाता की विरासत का दर्जा दिया जाएगा, इस पर बात करते हुए कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने एक बार फिर वामपंथियों पर आरोप लगाया। फिरहाद



ने शुक्रवार को 'टॉक टू मेयर' कार्यक्रम में विरासत की सुरक्षा से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि जिनके पास वित्तीय सहायता नहीं है वे विरासत की रक्षा कैसे करेंगे? मेयर ने कहा कि ऐसे में विशेष उपाय किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ विशेष विकल्पों की व्यवस्था करने की योजना है लेकिन अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। राज्य की विरासत को लेकर कई प्रस्तावों पर बात करते हुए कोलकाता के मेयर ने दावा किया कि नियमों का पालन किए बिना कई इमारतों को विरासत का दर्जा दिया गया है। वैज्ञानिक या ऐतिहासिक महत्व पर ध्यान नहीं दिया जाता। लेकिन फिलहाल संबंधित भवन को धरोहर के रूप में तभी महत्व दिया जाएगा, जब उसका वैज्ञानिक ऐतिहासिक महत्व हो।

### ❑ खटास पर पशु विभाग को निगम लिखेगा पत्र

फिरहाद ने कोलकाता में खटाल समस्या पर भी टिप्पणी की। दरअसल, आनंदपुर, काशीपुर, उल्टाडांगा, बेहाला, तपसिया, तिलजला आदि के निवासी खटाल की समस्या को लेकर लंबे समय से शिकायत कर रहे हैं। कई लोगों ने 'टॉक टू मेयर' को फोन कर खटाल की शिकायत की। आरोप है कि नालों में खटाल कचरा जमा होने से पानी नहीं बह रहा है। वह पानी जमा हो जाता है और कचरा तैरता रहता है। पूरा इलाका बदबू से भर गया है। निवासियों ने शिकायत की कि गाय-भैंस के कचरे की दुर्गंध के कारण उनका वहां रहना लगभग असंभव हो गया है। बार-बार अनुरोध के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि पिछले कुछ सालों में शहर में अवैध खटाल कैसे बनते जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा मॉनिटरिंग की कमी की शिकायत की गई है। हालांकि, इन सभी समस्याओं और शिकायतों के संबंध में मेयर ने कहा कि पशु प्रभाग को एक पत्र दिया जाना चाहिए कि वहां मवेशी हैं।

# निर्विरोध राज्यसभा सांसद बने ऋतव्रत बनर्जी, पार्टी ने दी बधाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** जौहर सरकार द्वारा छोड़ा गया पद आखिरकार तृणमूल श्रमिक नेता ऋतब्रत बनर्जी ने संभाल लिया। वह निर्विरोध राज्यसभा सांसद बन गए। शुक्रवार को तृणमूल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह खुशखबरी दी और ऋतव्रत को बधाई दी।बंगाल में सत्तारूढ़ दल की तरह, लोगों के हित के प्रति ऋतब्रत के समर्पण का प्रतिफल मिला है और राज्यसभा में उनका कदम लोकतांत्रिक ढांचे को और मजबूत करेगा। उल्लेखनीय है कि आरजीकर घटना के मद्देनजर पूर्व आईएएस जौहर सरकार ने पार्टी नेता ममता बनर्जी को राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफे की जानकारी दी। जैसे ही पद खाली हुआ, अटकलें लगने लगीं कि जौहर सरकार की जगह किसे संसद के ऊपरी सदन में भेजा जाएगा। शनिवार, 7 दिसंबर को उस अटकल को खत्म करते हुए राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने एक्स हैंडल में राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में ऋतव्रत बनर्जी के नाम की घोषणा की। इस सीट पर रीतावात्रा के खिलाफ किसी और ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इसलिए शुक्रवार 13 दिसंबर को ऋतव्रत को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया। वह नये राज्यसभा सांसद हैं।

# पूर्वांचल विद्या मन्दिर, प्राथमिक विभाग का वार्षिक स्पोर्ट्र्स समारोह



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वांचल विद्या मन्दिर, प्राथमिक विभाग के वार्षिक स्पोर्ट्र्स समारोह में प्रमुख अतिथि विधायक सुप्ती पाण्डेय, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष बृजमोहन बेरीवाल ने छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामना दी। अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रिंसिपल रानी जे गोम्स एवम् कार्यकर्ताओं ने अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। समाजसेवी विश्वनाथ अग्रवाल, उमेश केडिया, सुशील केडिया, विनोद अग्रवाल एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 57-एसडीएसटीई-एसएन-2024-25, दिनांक 12.12.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल के तहत 02 वर्षों के लिए यूटीएस/पीआरएस एवं एफओआईएस नेटवर्क के नेटवर्किंग इक्विपमेंट के रखरखाव हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। **निविदा मूल्य:** रु. 22,08,064.92, **बयाना राशि:** रु. 44,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 24 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 06.01.2025 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ASN-269/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**Short NIQ No.: 36/BB of 2024-25, Short NIQ No.: 10/BBES of 2024-25 & Short NIQ No.: 08/BBIT of 2024-25** of Assistant Engineer, Banga Bhawan, P.W.D. **under Banga Bhawan Sub Division,** from bonafied outsider only having credential for similar nature of work. Last Date & time for Receipt of Application for Participating in the Tender/Quotation (Offline) **14.12.2024 up to 14.00 hrs.** Others details may be seen from the web site: **http://etender.wb.nic.in** & **http://wbpwd.in**

Sd/-
Officer-in-Charge & Assistant Engineer, P.W.D., Banga Bhawan

**Name Change**

I, Manoj Kumar, S/o Rajendra Yadav, residing at 130/14 II line Command Hospital, Alipore, Kolkata – 700027 have changed my daughter's Name from Aryan Kumari, which was recorded in her birth Certificate to Manvi Yadav D/o Manoj Kumar and henceforth she will be known as Manvi Yadav vide affidavit before the court of the Ld 1st Class Magistrate at Calcutta on 23.10.24. Aryan Kumari and Manvi Yadav both are same and one identical person, i.e., my daughter.

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**ई-निविदा सं. : 05_2024-25 (खुली निविदा),** जो कि उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजी./गति शक्ति इकाई/हावड़ा द्वारा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/सड़क सुरक्षा परियोजना, पूर्व रेलवे के कार्यालय के लिए जनरल कंसल्टेंट की नियुक्ति के कार्य हेतु पूर्व में प्रकाशित किया गया था, के संबंध में शुद्धिपत्र संख्या 2, **निविदा की अंतिम तिथि और समय** दिनांक 26.12.2024 को 11.00 बजे के बदले **दिनांक 06.01.2025 को 12.00 बजे** पढ़ी जानी चाहिए। **बोली प्रारंभ होने की तिथि** दिनांक 12.12.2024 के बदले **दिनांक 23.12.2024** पढ़ी जानी चाहिए। उपर्युक्त निविदा सूचना के सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। HWH-479/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Notice Inviting e-Tender**

**Ref E-NIT NO.- 2024_ZPHD_783601_1.**

An e-Tender **(Notice: 2301, Date: 11.12.2024)** containing one number scheme for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhman has been floated ammounting to **Rs. 20.55175 lakhs, fund RIDF-XXX.**

**Bid Submission end on :- 02/01/2025 at 03.00 PM.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण इस प्रकार है:

**ई-नीलामी कैटलॉग सं.:** सी5-एएसएन-पीएनयू-0125

**नीलामी की कैटेगरी :** पे एंड यूज टॉयलेट (सामान्य)। **स्टेशन/स्थान का नाम:** (1) जसीडीह (फेज-II) रेलवे स्टेशन नए सर्कुलेटिंग एरिया में तालाब के पास वर्तमान पुराने पे एंड यूज शौचालय पर नव निर्मित शौचालय परिसर भूतल एवं प्रथम तल। (2) बासुकीनाथ स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नं 1 एवं 2 और प्रतीक्षालय, (3) कुल्टी स्टेशन पर टिकट बुकिंग कार्यालय के पास कालका सिरे एवं सर्कुलेटिंग एरिया में अप प्लेटफॉर्म। **नीलामी शुरू होने की तिथि:** दिनांक 27.12.2024 को 12.00 बजे। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को नीलामी शुरू होने की उल्लिखित सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण को जानने एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है। ASN-270/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल में रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों का नियंत्रण**

हावड़ा मंडल में बैंडेल-कटवा-आजिमगंज खंड में ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, **दिनांक 15.12.2024 (रविवार)** को **एकीकृत मेगा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके परिणामस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा :

- **दिनांक 15.12.2024 को रद्द: बैंडेल से** - 37749; **कटवा से** - 37748।
- **दिनांक 15.12.2024 को पुनर्निर्धारित: 03035 कटवा-आजिमगंज एक्सप्रेस स्पेशल** पुनर्निर्धारित होगी एवं कटवा से दोपहर 12.00 बजे के बदले दोपहर **12.30 बजे** रवाना होगी।

**विशेष द्रष्टव्य :** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलम्ब से चलने वाली ट्रेन तथा बाद में शुरू की गई कोई भी नयी ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, का मार्ग में उपयुक्त तरीके से नियंत्रण/मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का अनुसरण करें। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली**

**ई-निविदा सूचना सं0- 19/2024-25 (खुली)/उमुइं ।।/एमसीएफ/आरबीएल**

उप मुख्य इंजीनियर-।।/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रम सं | कार्य का नाम | निविदा सं0 | अनुमानित लागत रू0 | निविदा खुलने की तिथि | कार्य समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के विभिन्न शॉप के रोलिंग शटर का दो वर्षों के लिए नियमित रखरखाव का कार्य। | 09/2024-25RT-1 | 51,53,164.49 | 10.01.2025 | 24 माह |

● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। ● अधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। **उप मुख्य इंजीनियर-।।**

**ई-नीलामी नोटिस**

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली लालगंज में स्क्रैप सामग्री विभिन्न आकार एवं साइज के (स्क्रैप ऑफ ईएन स्टील, स्क्रैप ऑफ कार्टेन स्टील, स्क्रैप ऑफ ऑस्टिनेटिक स्टील, स्क्रैप ऑफ फैरेटिक स्टील, स्केल्टन ऑफ डिफरेंट शेप एंड साइज, टर्निंग बोरिंग, स्क्रैप ऑफ फोर्ज्ड व्हील प्लांट एवं मिसलेनियस अदर फेरस एवं नॉन फेरस स्क्रैप, लो वैल्यू स्क्रैप और मिक्सड वेस्ट स्क्रैप आदि) की ई-नीलामी नीचे दिये गये शैडयूल के अनुसार वेबसाइट www.ireps.gov.in के द्वारा दोपहर **11:00 बजे** पर की जायेगी।

**ई-नीलामी की तिथि 03 जनवरी-2025 से मार्च-2025 तक**

| माह | जनवरी | फरवरी | मार्च |
|---|---|---|---|
| दिनांक | 03, 17 और 31 | 14 और 28 | 07 और 21 |

इच्छुक खरीदार स्क्रैप मैटेरियल का निरीक्षण कार्य अवधि में कर सकते है। खरीदार को ई-नीलामी में भागीदारी के लिये IREPS e-auction module पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। उपरोक्त मद के लिये रजिस्ट्रेशन, अग्रिम धन का भुगतान एवं ई-नीलामी में भागीदारी से संबन्धित और अधिक जानकारी के लिये उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/शैल डिपो/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज-229120 से संपर्क किया जा सकता है। **उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/डिपो/शैल**

**उत्तर रेलवे के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

उत्तर रेलवे की शाहजहांपुर-लखनऊ डबल लाइन शाखा और सीतापुर-बालामऊ सिंगल लाइन शाखा में बालामऊ यार्ड के पुनर्गठन कार्य के कारण मौजूदा प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य दिनांक 19.02.2025 तक जारी रहेंगे। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: ● **रद्द: 13005 हावड़ा-अमृतसर मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 12.02.2025 से 16.02.2025), **13006 अमृतसर-हावड़ा मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 14.02.2025 से 18.02.2025), **14003 मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 15.02.2025 और 18.02.2025) [कोहरे के कारण पहले ही रद्द कर दी गई] और **14004 नई दिल्ली-मालदा टाउन एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 13.02.2025 और 16.02.2025) [कोहरे के कारण पहले ही रद्द कर दी गई], **13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 13.02.2025 से 18.02.2025) [कोहरे के कारण पहले ही दिनांक 16.02.2025 को रद्द कर दी गई] और **13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 15.02.2025 से 20.02.2025) [कोहरे के कारण पहले ही दिनांक 18.02.2025 को रद्द कर दी गई] ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू: 12369 हावड़ा-देहरादून कुंभ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 15.02, 16.02 और 17.02.2025) लखनऊ में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **12370 देहरादून-हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.02, 17.02 और 18.02.2025) लखनऊ से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। ● **पुनर्निर्धारण: 15098 जम्मू तवी-भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 18.02.2025) जम्मू तवी से 1 घंटा 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। ● **नियंत्रण: 13151 कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 18.02.2025) लखनऊ मंडल में 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी और **13152 जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 18.02.2025) मार्ग में नियंत्रित की जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

**सियालदह मंडल के तहत स्टेशनों पर स्टॉल/आउटलेट**

**'एक स्टेशन एक प्रोडक्ट' योजना के अधीन**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के द्वारा सियालदह मंडल के तहत 109 **स्टेशनों पर एक स्टेशन एक प्रोडक्ट योजना** में भागीदारी के लिए देशी उत्पादों से जुड़े व्यक्तियों, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी), हाशिए पर रहने वाले या समाज के कमजोर वर्गों आदि से मुहरबंद पैकेट (एकल) में और निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। योजना की मुख्य विशेषताएँ:- **(1) परियोजना की अवधि:** हाड़ोया रोड- 29.12.2024 से शुरू 30 दिन; ताकी रोड- 31.12.2024 से शुरू 30 दिन, टाला, माझेरहाट, ताहेरपुर, अरंघाटा - 02.01.2025 से शुरू 30 दिन; आकड़ा, संतोषपुर, कोमागाटा मारू बजबज - 04.01.2025 से शुरू 30 दिन; धुबुलिया - 05.01.2025 से शुरू 30 दिन; सुभाषग्राम, हासनाबाद-08.01.2025 से शुरू 30 दिन; दक्षिण दुर्गापुर, नेतड़ा, चंपाहाटी, घुटियारी शरीफ, मगराहाट, सोंडालिया-10.01.2025 से शुरू 30 दिन; बनगांव जं, दत्तपुकुर, बामनगाछी, गुमा, बीरा, दक्षिणेश्वर- 11.01.2025 से शुरू 30 दिन; भासिला, मालतीपुर-12.01.2025 से शुरू 30 दिन; बहारू, काकद्वीप, दक्षिण बारासात, बशीरहाट, कल्याणी सीमांत, मदनपुर- 13.01.2025 से शुरू 30 दिन; कल्याणपुर, होटोर-14.01.2025 से शुरू 30 दिन; चंपापुकुर- 15.01.2025 से शुरू 30 दिन; माझेरग्राम, बराहनगर रोड, बाली घाट, ईडन गार्डन, लालगोला, कासिमबाजार-17.01.2025 से शुरू 30 दिन; चांदपाड़ा,गंगनापुर, बागबाजार, शासन रोड, बिद्याधरपुर, पियाली, सुर्ज्यपुर, पगलाचंडी, गेदे, कालीनारायणपुर जं., हबीबपुर, जगद्दल, टीटागढ़-18.01.2025 से शुरू 30 दिन; बीबीडी बाग, प्रिंसेप घाट, शिमुराली-19.01.2025 से शुरू 30 दिन; काशीनगर हॉल्ट, भगवानगोला, तालदी, मुरागाछा, बेलडांगा, बेथुयाडहरी, देबग्राम, रेजिनगर, पलासी, शांतिपुर, माझदिया, बीरनगर, पायराडांगा, श्यामनगर, ब्रेस ब्रिज, नंगी, न्यू अलीपुर-20.01.2025 से शुरू 30 दिन; गोपालनगर, बड़ा बाजार, पातिपुकुर, कालिकापुर, बसुलडांगा, धपधपी, बगुला, बनपुर, पालपाड़ा- 21.01.2025 से शुरू 30 दिन; बादकुल्ला- 23.01.2025 से शुरू 30 दिन; गोबरडांगा, ठाकुरनगर, अशोकनगर रोड, मछलंदपुर, न्यू बैरकपुर, दुर्गानगर-25.01.2025 से शुरू 30 दिन; बिशरपाड़ा कोदालिया-26.01.2025 से शुरू 30 दिन; जियागंज-27.01.2025 से शुरू 30 दिन; कृष्णपुर, मुर्शिदाबाद, बरहामपुर कोर्ट, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, पलता, बालीगंज जं., बाघा जतीन, गोचरण, नामखाना, देउला, धामुया, डायमंड हार्बर, संग्रामपुर, कैनिंग, मध्यमग्राम, सियालदह-28.01.2025 से शुरू 30 दिन; **(2) टोकन पंजीकरण शुल्क:** रु. 2000/- मात्र प्रत्येक स्टॉल के लिए 30 दिनों की आवंटन अवधि हेतु जीएसटी सहित। **(3) आधारभूत संरचना: (i)** स्टॉल/आउटलेट रेलवे द्वारा प्रदान किए जाएंगे। **(ii)** 15 दिनों के एक चरण के लिए प्रति ओएसओपी आउटलेट हेतु अधिकतम 20 यूनिट बिजली की स्वीकृति पंजीकरण शुल्क में नियमों के अंतर्गत शामिल बुनियादी सुविधा के रूप में दी जाएगी। 20 यूनिट की सीमा से अधिक के बिजली खर्च पर, अतिरिक्त यूनिटों के लिए, वास्तविक आधार पर प्रयोज्य शुल्क लागू रहेगा। **(4) आवेदन जमा किया जाना:** दिनांक 27.12.2024 को 15.00 बजे के अंदर। **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 44, डीआरएम कार्यालय, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014** को संबोधित करते हुए कागजात की प्रतिलिपि (जैसा कि ऊपर पात्रता मानदंड में उल्लिखित है) के साथ संगठन के लेटरहेड/सादे सफेद कागज की शीट में आवेदन संबंधित स्टेशन के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक /बुकिंग सुपरवाइजर के कार्यालय में निर्धारित स्थान पर मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाएगा। एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में **दिनांक 27.12.2024 को 16.00 बजे** उपर्युक्त स्थान पर लॉट की खुली लॉटरी/पब्लिक ड्रॉ निकाला जाएगा। चिह्नित उत्पादों सहित स्टेशनों के नाम, भागीदारी के लिए पात्रता मानदंड, समर्थित कागजात और जमा किए जाने वाले आवेदन का संपूर्ण विवरण एवं विस्तृत नियम और शर्तों को आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कक्ष सं. 44, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 के कार्यालय में सूचना पट पर देखा जा सकता है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज इन ब्रीफ

### बेटी का पता नहीं लगने से परेशान दंपति ने किया पुलिस आयुक्त दफ्तर के बाहर आत्मदाह का प्रयास

**कानपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में एक दंपति ने तीन महीने से ज्यादा समय से लापता अपनी बेटी का पता लगाने को लेकर पुलिस द्वारा कथित तौर पर कोई कार्रवाई नहीं करने से क्षुब्ध होकर शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर आत्मदाह की कोशिश की। दंपति को आशंका है कि उनकी बेटी का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई है। अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) विजेंद्र द्विवेदी ने संवाददाताओं को बताया कि बिल्हौर के मन्नीवाड़ा निवासी राकेश दुबे (60) और उनकी पत्नी ने पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। दंपति का आरोप है कि पुलिस पिछली 31 अगस्त से लापता उनकी बेटी का पता लगाने में आनाकानी कर रही है।

### उप्र के मुजफ्फरनगर में 22 साल पुराने हत्या के मामले में व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर की एक स्थानीय अदालत ने बृहस्पतिवार शाम एक व्यक्ति को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सरकारी वकील ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकारी वकील ने बताया कि मुख्य आर-ोपी कृष्ण को पहले ही 2003 में दोषी ठहराया गया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अपर जिला और सत्र न्यायाधीश कनिष्क कुमार सिंह ने आरोपी मोहन को भारतीय दंड संहिता (भादस) की धारा 302 (हत्या के लिए सजा) के तहत दोषी ठहराते हुए उस पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# महाकुंभ देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगा : मोदी



**प्रयागराज :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि महाकुंभ देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और यह एकता का महायज्ञ है। प्रधानमंत्री ने 5500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद यहां एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, महाकुंभ देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें जाति और संप्रदायों का भेद मिट जाता है। उन्होंने इस आयोजन के महत्व पर बहुत विश्वास व्यक्त किया और कहा कि यह एकता का महायज्ञ होगा जो जाति, संप्रदाय और क्षेत्र के सभी विभाजनों से परे होगा। उन्होंने प्रयागराज को सिर्फ एक भौगोलिक नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक स्थान बताया जहां गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का पवित्र संगम सभी क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से साकार हो रहा दिव्य, भव्य व डिजिटल महाकुंभ का सपनाः योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आना और मां गंगा-यमुना एवं सरस्वती की त्रिवेणी में पूजा-अनुष्ठान करना प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। यह महाकुंभ संपूर्ण सनातन धर्मावलंबियों, देश व दुनिया के भीतर भारत के प्रति अनुराग रखने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्व रखता है।



## उत्तर प्रदेश: गायों के कंकाल मिलने से नाराज लोगों ने की सड़क जाम, पुलिस ने खदेड़ा



**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा में शुक्रवार को तीन दर्जन से अधिक गायों के कंकाल एवं अवशेष मिलने के बाद नाराज लोगों ने मथुरा-वृन्दावन मार्ग जाम कर दिया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि वृन्दावन मार्ग पर स्थित प्रेम महाविद्यालय पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे जंगल से यह कंकाल बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि सड़क जाम होने से स्थानीय निवासियों, छात्र-छात्राओं तथा बाहर से आने वाले तीर्थयात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा और अधिकारियों के काफी समझाने के बाद भी जब हंगामा कर रहे लोग नहीं माने तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें तितर-बितर कर दिया। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कॉलेज के पीछे धौरेरा गांव के जंगल में कुछ गायों के अवशेष मिले थे। उन्होंने बताया कि हो सकता है कि वे किसी गौशाला की गायें हों या फिर किसी गौपालकों द्वारा मृत गायों को वहां डाला जाता रहा हो। अधिकारी ने बताया कि खबर फैलने के बाद कुछ लोगों ने अनावश्यक रूप से रास्ता जाम कर दिया। उन्होंने बताया चूंकि वर्ष के अंतिम माह में सप्ताहांत होने के कारण इन दिनों बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं और रास्ता जाम होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सिंह ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को काफी समझाने का प्रयास किया और जब वे नहीं माने तो हल्का बल प्रयोग कर उन्हें हटाना पड़ा। उन्होंने गौशाला संचालकों पर लगे आरोपों की जांच कराने की बात कही और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर निगम को मृत गायों का अंतिम संस्कार करने को कहा गया है।

## बीपीएससी परीक्षा के दौरान पेपर लीक की अफवाह, आयोग ने साजिश करार दिया, कार्रवाई का वादा किया

**पटना :** बिहार के एक परीक्षा केंद्र पर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने की शुक्रवार को फैली अफवाह को आयोग ने साजिश करार देते हुए इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी। राजधानी पटना के कुम्हरार स्थित बापू परीक्षा केंद्र पर बीपीएससी की 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) 2024 का शुक्रवार को आयोजन किया गया था, लेकिन 300-400 अभ्यर्थियों ने परीक्षा शुरू होने से पहले ही सोशल मीडिया पर प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगाते हुए इसका बहिष्कार किया। बापू परीक्षा केंद्र पर अतिरिक्त परीक्षा अधीक्षक राम इकबाल सिंह की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो जाने तथा एक महिला अभ्यर्थी के बेहोश हो जाने से वहां अराजकता की स्थिति पैदा हो गई। बीपीएससी के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने बताया कि राज्य भर के 900 से अधिक केंद्रों पर शुक्रवार को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से परीक्षा का आयोजन किया गया और इसमें करीब पांच लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। परमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'बीपीएससी की 70वीं सीसीई प्रारंभिक परीक्षा दोपहर 12 बजे से दो बजे तक एक ही पाली में आयोजित की गई थी। राज्य भर के 912 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया था और उनमें से 911 केंद्रों पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से परीक्षा हुई।'

## 'एक राष्ट्र एक चुनाव' कानून अच्छी मंशा से लाए जाने पर ही फायदेमंदः प्रशांत किशोर



**पटना :** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' देश के लिए फायदेमंद हो सकता है, बशर्ते कि यह कदम अच्छे इरादों से उठाया जाए। उन्होंने कुछ कानूनों का उदाहरण देते हुए कहा, 'कानून आतंकवाद पर अंकुश लगाने के लिए बनाए गए, लेकिन उनका इस्तेमाल एक खास समुदाय को निशाना बनाने के लिए किया गया।' किशोर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने संबंधी विधेयकों को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बृहस्पतिवार को मिली मंजूरी के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इन विधेयकों को अब शीघ्र ही संसद में पेश किए जाने की संभावना है। चुनावी रणनीतिकार रह चुके किशोर ने कहा, 'मैं कई चुनावों में शामिल रहा हूं। मैंने देखा है कि हर साल देश का एक बड़ा हिस्सा राष्ट्रीय या राज्य स्तर के किसी न किसी चुनाव में शामिल रहता है।'

## न्यूज अपडेट

### बिहार के नये पुलिस महानिदेशक बने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विनय कुमार

**पटना :** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी विनय कुमार को शुक्रवार को बिहार का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया। वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी आलोक राज के स्थान पर नियुक्त किया गया है। राज 30 अगस्त 2024 से कार्यवाहक डीजीपी थे और वह दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। बिहार के गृह विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार विनय कुमार दो वर्ष के कार्यकाल के लिए राज्य पुलिस के प्रमुख होंगे। इसके अलावा, वह बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के महानिदेशक-सह- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद पर भी काम करेंगे। अधिसूचना में बताया गय कि अन्य वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी जे.एस. गंगवार को राज्य सतर्कता विभाग का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

### उप्र : झांसी में एनआईए टीम पर हमला करने के आरोप में 111 लोगों के खिलाफ मुकदमा

**झांसी (उप्र) :** झांसी में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा पूछताछ के वास्ते हिरासत में लिये गये एक मुफ्ती को एनआईए टीम पर हमला कर जबरन छुड़ाने के आरोप में शुक्रवार को 11 नामजद और 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। झांसी के अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) ज्ञानेंद्र सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एनआईए की एक टीम ने बृहस्पतिवार को विदेशी वित्तपोषण के एक मामले में पूछताछ के लिये मुफ्ती खालिद को उसके घर पर छापा मारकर हिरासत में लिया था। इसकी सूचना मिलने पर मोहल्ले के लोगों की भीड़ ने एनआईए की टीम से धक्का-मुक्की की और खालिद को छुड़ाकर अपने साथ ले गयी। उन्होंने बताया कि इस मामले में 11 नामजद और 100 अज्ञात महिला-पुरुषों के खिलाफ एनआईए की टीम पर हथियारों से लैस होकर जानलेवा हमला करने, सरकारी काम में बाधा डालने और हिरासत में लिए गए व्यक्ति को छुड़ाने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि फिलहाल जांच चल रही है। इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अदालत ने 200 रुपये के लिए हत्या के मामले में तीन दोषियों को 31 साल बाद रिहा करने का आदेश दिया

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को देवघर जिले में मात्र 200 रुपये के विवाद में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए तीन दोषियों को तीन दशक से अधिक समय बाद रिहा करने का आदेश दिया। किशन पंडित, जमदार पंडित और लखी पंडित की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए अदालत ने उन्हें 31 साल की मुकदमेबाजी के बाद मामले से मुक्त कर दिया। अपील के लंबित रहने के दौरान एक अन्य दोषी लखन पंडित की मौत हो गई थी। मामला तीन दिसंबर 1993 का है, जब जसीडीह थाना क्षेत्र में 200 रुपये की मामूली रकम को लेकर विवाद हुआ था। लखन ने कृषि कार्यों के लिए नुनु लाल महतो से यह रकम उधार ली थी, लेकिन वह उचित समय के भीतर कर्ज चुकाने में विफल रहा। जब महतो ने कर्ज चुकाने के लिए उससे संपर्क किया, तो तनाव बढ़ गया जिसके बाद महतो पर आरोपियों ने हमला किया, जिससे उनकी मौत हो गई। महतो का बेटा भैरव इस घटना का चश्मदीद था। इसके बाद, अभियुक्तों - किशन पंडित, जमदार पंडित और लखी पंडित - को छह जून, 1997 को देवघर की सत्र अदालत ने दोषी करार दिया। उनकी दोषसिद्धि के बाद पटना उच्च न्यायालय में अपील की गई, जिसने अभियुक्तों को जमानत दे दी। बाद में राज्य के विभाजन के बाद, 2000 में मामले को नवगठित झारखंड उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया।

समाज्ञा
CINE मंत्रा

# मेरा सपना रहा है 'रामायण' फिल्म में भगवान राम की भूमिका निभाना : रणबीर कपूर



बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर ने नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने के बारे में खुलकर बात की और कहा कि 'भारत की सबसे बड़ी महागाथा' को बड़े पर्दे पर पेश करने वाली इस फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर वह उत्साहित हैं। 'रामायण' फिल्म दो भागों में जारी होगी। पहला और दूसरा भाग वर्ष 2026 और 2027 में दिवाली पर रिलीज होगा। प्राइम फोकस स्टूडियो के नमित मल्होत्रा इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। ऐसी खबरें थीं कि रणबीर और साई पल्लवी फिल्म में राम और सीता का किरदार निभाएंगे। हाल में एक साक्षात्कार में, 'केजीएफ' फ्रैंचाइज़ी के स्टार यश ने कहा कि वह 'रामायण' में रावण की भूमिका निभाएंगे। निर्माताओं ने अभी तक कलाकारों की पुष्टि नहीं की है। सऊदी अरब के 'रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, 2024' में रविवार को एक सत्र में परिचर्चा के दौरान रणबीर ने कहा कि उन्होंने 'रामायण' के पहले भाग की शूटिंग पूरी की है और वह 'दूसरे हिस्से के लिए शीघ्र काम शुरू करेंगे।' अभिनेता ने कहा, ''मैं उस कहानी का हिस्सा बन राम की भूमिका निभाकर बहुत खूश हूं। यह मेरा एक सपना है। यह एक ऐसी फिल्म है जिसमें सब कुछ है। यह सिखाती है कि भारतीय संस्कृति क्या है - परिवार और पति-पत्नी का रिश्ता। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।' रणबीर ने अमेरिकी समाचार पोर्टल डेडलाइन को दिये साक्षात्कार में फिल्म को लेकर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, ''इसमें दुनिया भर के कलाकार, निर्माता और (फिल्म) निर्माण से जुड़े विभिन्न लोग शामिल हैं। यह दो भागों में बनेगी। यह भगवान राम और रावण से जुड़ी भारत की महागाथा है।...एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए यह बहुत ही रोमांचक और संतुष्टिपूर्ण अवसर है विशेषकर (इसमें) भगवान राम की भूमिका निभाना।' अभिनेता ने वर्ष 2023 में आई अपनी फिल्म एनिमल के सीक्वल 'एनिमल पार्क' को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनिमल पार्क की शूटिंग 2027 में शुरू होगी। उन्होंने कहा कि वह संदीप रेड्डी वेंगा के साथ फिल्म के तीसरे सीक्वल को लेकर भी चर्चा कर रहे हैं।

# सफलता के लिए मनोज वाजपेयी का गुरूमंत्र: जिद और जुनून जरूरी है



बिहार के एक छोटे से किसान के बेटे ने कैसे बालीवुड की सपनीली दुनिया में पहुंच कर अपने लिए एक मुकाम हासिल किया जहां हर रोज हजारों सपने साकार भी होते हैं और दम भी तोड़ देते हैं? मनोज वाजपेयी इसका जवाब देते हैं - सिर्फ एक 'सोची समझी जिद' के बल पर।'सत्या' के भीखू महात्रे से लेकर 'दी फैमिली मैन' के श्रीकांत तिवारी तक, कमर्शियल और कलात्मक से लेकर छोटे और बड़े परदे तक, मनोज वाजपेयी ने हर किरदार में खुद को साबित किया है। मनोज वाजपेयी कहते हैं कि उन्हें बहुत जल्दी यह बात समझ आ गई थी कि अपने सपनों के लिए जो जुनूनी नहीं होता है, परिस्थितियां उसकी बलि ले लेती हैं। बिहार के बेलवा गांव से निकले वाजपेयी ने जिंदगी में जो कुछ पाया है, वह किसी परिकथा सा है और उनकी अपनी कहानी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। मनोज वाजपेयी के मुताबिक, उन्हें एक बात जल्दी समझ में आ गयी थी कि ''आपको बुद्धि के साथ ही जिद से काम लेना होगा और हाड़ तोड़ मेहनत करनी होगी। मैं जिद इसलिए कह रहा हूं क्योंकि नहीं तो परिस्थितियां और हालात हर कदम पर चुनौती बनकर आपके सामने खड़े हो जाएंगे और तब आप अपनी ही काबिलियत पर शक करने लगेंगे।''

मनोज वाजपेयी ने यहां समाचार एजेंसी पीटीआई के मुख्यालय में एक विशेष साक्षात्कार के दौरान अपनी जिंदगी और फिल्मी कैरियर के कुछ बेहद आत्मीय पल साझा किए। उन्होंने कहा,'एक कहावत है, 'छलांग लगाने से पहले आपको चार कदम पीछे हटना पड़ता है।' मैं खुद पर इतरा नहीं रहा, पर मैं हालातों से वाकिफ था।' अंडरवर्ल्ड माफिया पर 1998 में बनी 'सत्या' में पहला मौका मिलने के बाद मनोज के पास बेहिसाब मौके आए। सत्या को रामगोपाल वर्मा ने निर्देशित किया था और इतने सालों बाद भी लोग गैंगस्टर भीखू म्हात्रे के किरदार को भूले नहीं हैं। मनोज (55) ने बताया, ' मेरी जिद थी कि मुझे टाइपकास्ट (एक ही चरित्र में बंधना) नहीं होना है... इंडस्ट्री को समझ नहीं आ रहा था कि मुझे क्या ऑफर करे और उसने सोचा कि अगर ये मना कर रहा है तो और ज्यादा पैसा दे दो ....लेकिन मुझे पता था कि मैं विलेन नहीं बनूंगा क्योंकि अगर मैंने उस समय ये कर लिया होता तो मैं कभी इससे बाहर नहीं निकल पाता।' उन्होंने तुरंत दो-हराया, '' मुझे उस उम्र में भी ये बात पता थी।' उन्होंने साथ ही कहा कि प्राण और अजीत जैसे महान कलाकार विलेन के खांचे से बाहर निकल ही नहीं पाए।

मनोज जल्द ही डायरेक्टर कनु बहल की 'डिस्पैच' में खोजी पत्रकार के तौर पर जॉय बेग की भूमिका में नजर आएंगे जो 13 दिसंबर को जी5 पर रिलीज होने जा रही है। उन्होंने कहा,'यदि मनोज वाजपेयी अपने कैरियर में एक निश्चित ऊंचाई तक पहुंचा है तो यही बात नवाजुद्दीन सिद्धीकी, इरफान खान या के के मेनन के बारे में भी कही जा सकती है। आपको किसी की नकल करने की जरूरत नहीं है।'' हालांकि मनोज इस बात को भी समझते हैं कि लोगों का अपना अपना प्रारब्ध और अपनी अपनी मंजिल होती है। छह भाई बहनों के बीच पले बढ़े मनोज बहुत कम उम्र में ही अभिनेता बनने के सपने देखने लगे थे लेकिन उनके किसान पिता के पास उनकी हसरतों को पूरा करने के साधन नहीं थे। वाजपेयी 17 साल की उम्र में दिल्ली आ गए और कॉलेज में दाखिला ले लिया क्योंकि ये उनकी मां की इच्छा थी। इसके बाद उन्होंने थियेटर किया और जा पहुंचे मुंबई। उन्हें वास्तव में पहला मौका 1994 में गोविंद निहलानी की 'द्रोहकाल' में मिला था और उसी साल शेखर कपूर की 'बैंडिट क्वीन' से उन्होंने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। लेकिन, यह फिल्म 'सत्या' थी जब दर्शकों की नजरें मनोज वाजपेयी की ओर उठीं। 'सत्या' एक ऐसा लांचिंग पैड थी जिसने उनके अगले तीन दशक के कैरियर की नींव रखी जो दिन ब दिन मजबूत होती जा रही है। इस दौरान उन्होंने 'शूल','जुबैदा', 'राजनीति','गैंग्स आफ वासेपुर', 'अलीगढ़', 'सोनचिरिया' जैसी दमदार फिल्मों के जरिए प्रशंसकों के दिलो दिमाग पर एक अमिट छाप छोड़ी। छोटे परदे पर उन्होंने 'गुलमोहर', 'सिर्फ एक बंदा काफी है' और वैब शो 'दी फैमिली मैन' किया, जिसका तीसरा सीजन तैयार है।

# 'मिर्जापुर: द फिल्म' बहुत धमाकेदार होगी: श्वेता त्रिपाठी



अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने कहा है कि 'मिर्जापुरः द फिल्म' काफी ''धमाकेदार'' होगी और इसमें अपराध एवं हिंसा जैसे मुद्दों पर समाज को आईना दिखाने से परहेज नहीं किया जाएगा। वर्ष 2026 में रिलीज होने वाली यह फिल्म 'मिर्जापुर' श्रृंखला का सिनेमाई विस्तार है और इसमें कालीन भैया, गुड्डू पंडित और मुन्ना त्रिपाठी जैसे लोकप्रिय किरदारों को विस्तार से दिखाया जाएगा। 'मिर्जापुर' में गजगामिनी गुप्ता उर्फ गोलू की भूमिका निभाने वाली त्रिपाठी ने 'पीटीआई-भाषा' से साक्षात्कार में कहा, 'मुझे लगता है कि यह काफी धमाकेदार होगी। इसे अभी लिखा जा रहा है और हमें धीरे-धीरे पता चल रहा है कि क्या हो रहा है लेकिन मुझे लगता है कि यह साफ-सुथरी नहीं होगी। मुझे लगता है कि यह एक वयस्क फिल्म होगी और हमें यह दिखाने में सक्षम होना चाहिए कि (समाज में) क्या हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'जब लोग अपनी आंखें बंद कर लेते हैं और असहज महसूस करते हैं तो उन्हें यह महसूस करना चाहिए कि हर बार अपना मुंह घुमा लेने और इसे स्वीकारने से इनकार कर देने से ये घटनाएं रुकती नहीं हैं।' त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी सफल शो की रीढ़ लेखन है और यह बात 'मिर्जापुर' के लिए भी सही है। उन्होंने कहा, ''मुझे (मिर्जापुर के) किरदारों की यह बात पसंद है कि कोई भी व्यक्ति जन्म से बुरा नहीं है और मैं यह इसलिए कह रही हूं क्योंकि मैंने न केवल अपने बल्कि मुन्ना के किरदार से भी यह बात समझी। वह अपने पिता का प्यार और मान्यता चाहता था लेकिन उसे जब वह नहीं मिला तो उसने अपना सारा गुस्सा और हताशा दूसरे लोगों पर निकाली।' त्रिपाठी ने कार्यक्रम में प्रासंगिक किरदार गढ़ने का श्रेय इसके सह-लेखक पुनीत कृष्णा और निर्देशक गुरमीत सिंह को दिया। उन्होंने खुलासा किया कि मिर्जापुर के तीन सीजन के दौरान गोलू का किरदार निभाने के कारण उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ा और इससे निपटने के लिए उन्हें थेरेपी की मदद लेनी पड़ी। त्रिपाठी का मानना है कि एक अभिनेत्री के रूप में महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी आवाज उठाना उनका कर्तव्य है।

## 2025 में इन पावरपैक फिल्मों का सभी को है बेसब्री से इंतजार



**कोलकाता, समाज्ञा:** नए साल की शुरूआत में सिनेमा प्रेमियों को बेहतरीन फिल्मों का उपहार मिलने वाला है। 2025 में इन पावर पैक फिल्मों का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' के साथ नए साल की शुरुआत जोरो-शोरों से होगी। जाने-माने निर्देशक शंकर शनमुगम द्वारा निर्देशित और दिल राजू द्वारा निर्मित, इस एक्शन थ्रिलर फिल्म को दर्शक 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में देख पाएंगे। फिल्म 'थंडेल' नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत एक्शन ड्रामा है। जो 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। अनुष्का शेट्टी अभिनीत फिल्म 'घाटी' भी जल्द ही 2025 में रिलीज होगी। निखिल सिद्धार्थ और सई मांजरेकर अभिनीत, 'द इंडिया हाउस' 2025 की सबसे दिलचस्प फिल्मों में से एक है। जो अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जाने-माने फिल्म निर्माता बोयापति श्रीनु द्वारा निर्देशित और राम अचंता और गोपी अचंता द्वारा निर्मित, 'अखंडा 2' 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, नोरा फतेही और ध्रुव सरजा अभिनीत, 'केडी द डेविल' 2025 में सिनेमाघरों में आएगी। रणवीर सिंह और आदित्य धर की अनटाइटल्ड फिल्म की हाल ही में घोषणा की गयी थी। जो अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इसके अलावा, फिल्म 'अश्वत्थामाः द सागा कंटिन्यूज', जो एक्शन से भरपूर कहानी, इमरान हाशमी, अदिवि शेष अभिनीत, 'गुडाचारी 2', अनुपमा परमेश्वरन के साथ ध्रुव विक्रम अभिनीत, फिल्म 'बाइसन' 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर : पुलिस ने उस घर को कुर्क किया जहां जुलाई में मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में पुलिस ने शुक्रवार को उस घर को कुर्क कर लिया जहां इस साल जुलाई में मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए थे। एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि एक मंजिला मकान को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत कुर्क किया गया है। प्रवक्ता ने कहा, आतंकवाद से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कुलगाम में पुलिस ने यूएपीए की धारा 25 के तहत इस आवासीय परिसर को कुर्क की है। उन्होंने बताया कि यह फ्रिसल के चेनिगाम निवासी मुश्ताक अहमद भट के नाम पर पंजीकृत है। घर को इसलिए कुर्क किया गया है, क्योंकि इसके मालिक ने कथित तौर पर उन चार आतंकवादियों को पनाह दी थी, जिन्हें छह जुलाई 2024 को मार गिराया गया था।

### ओडिशा में तीन अज्ञात महिलाओं के शव बरामद

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के कटक और बोलनगीर जिले में तीन अज्ञात महिलाओं के शव शुक्रवार को बरामद किए गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कटक जिले के परमहंस इलाके के पास एक महिला का शव बरामद किया गया, जबकि दो महिलाओं का शव बोलनगीर जिले में रेलवे की पटरियों के पास मिला। कटक के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जगमोहन मीना ने बताया कि परमहंस इलाके में एक महिला का शव मिला है और उसके चेहरे तथा गर्दन पर गहरे जख्म हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को शव के पास से एक धारदार हथियार भी मिला है। मीना ने बताया, ''शव के बाएं हाथ पर टैटू का निशान है।'' उन्होंने बताया कि पुलिस ने कटक जिले के सभी पुलिस थानों में गुमशुदा व्यक्तियों की मिली शिकायतों का सत्यापन करना शुरू कर दिया है। पुलिस ने बोलनगीर जिले के कांटाबांजी खंड के अंतर्गत एक गांव में रेलवे पटरियों के पास दो अज्ञात महिलाओं के शव बरामद किए हैं।

### ईडी ने भोपाल में पीपुल्स ग्रुप की 280 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने धनशोधन मामले की जांच के तहत भोपाल आधारित 'पीपुल्स ग्रुप' की 280 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पीपुल्स इंटरनेशनल एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, पीजीएच इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड और पीपुल्स जनरल हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड में आरोपी व्यक्तियों के शेयर के अलावा मध्य प्रदेश के भोपाल में एक आवासीय संपत्ति और कुछ बैंक खातों में जमा राशि कुर्क करने के लिए एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। ईडी ने कहा कि इन संपत्तियों का कुल मूल्य 280 करोड़ रुपये है। एजेंसी ने कहा कि ईडी द्वारा कुर्क किए गए शेयर विदेशी निवेशकों से प्राप्त एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) का उपयोग करके ''अर्जित'' किए गए थे। इस मामले की जांच के तहत पिछले साल नवंबर में ईडी ने लगभग 230 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी।

### दिल्ली के लगभग 30 विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी, कुछ संदिग्ध नहीं मिला

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के करीब 30 विद्यालयों को शुक्रवार तड़के ई-मेल पर बम से उड़ाए जाने की धमकी मिली, जिसके बाद विभिन्न एजेंसियों ने उनके परिसर की तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी के बाद किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पायी गई। इससे पहले नौ दिसंबर को इसी तरह कम से कम 44 विद्यालयों को धमकी मिली थी। पुलिस ने धमकियों को अफवाह बताया था। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने आपराधिक धमकी और साजिश का मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक अपराधियों के बारे में कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मई में 250 से अधिक विद्यालयों, अस्पतालों और अन्य प्रतिष्ठानों को इसी प्रकार की ई-मेल से धमकियां मिली थीं।

# संविधान के निर्माण कार्य को एक पार्टी ने हमेशा 'हाईजैक' करने की कोशिश की: राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है, लेकिन इसके निर्माण के कार्य को एक पार्टी विशेष द्वारा 'हाईजैक' करने की कोशिश हमेशा की गई है। उन्होंने लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा की शुरुआत करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार संविधान के मूल्यों को केंद्र में रखकर काम कर रही है। लोकसभा के उप नेता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष के कई नेता संविधान की प्रति अपनी जेब में रखकर घूमते हैं



क्योंकि उन्होंने पीढ़ियों से अपने परिवार में संविधान को जेब में ही रखे देखा है। सिंह ने कहा, ''एक पार्टी विशेष द्वारा संविधान निर्माण के कार्य को 'हाईजैक' करने की कोशिश हमेशा से की गई है। भारत में संविधान निर्माण के इतिहास से जुड़ी ये सब बातें लोगों से छिपायी गई हैं।'' उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, ''आज विपक्ष के कई नेता संविधान की प्रति अपनी जेब में रखकर घूमते हैं। असल में उन्होंने बचपन से ही यही सीखा है। उन्होंने पीढ़ियों से अपने परिवार में संविधान को जेब में ही रखे देखा है। लेकिन भाजपा संविधान को सिर माथे पर लगाती है। हमारी प्रतिबद्धता संविधान के प्रति पूरी तरह साफ है।'' सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं को जब भी सत्ता और संविधान में से किसी एक को चुनना था तो उन्होंने हमेशा सत्ता को चुना। उन्होंने कहा, ''हमने कभी किसी संस्था की स्वतंत्रता और स्वायत्तता के साथ खिलवाड़ नहीं किया है। संविधान के मूल्य हमारे लिए कहने या दिखाने भर की बात नहीं हैं।

### मंत्री का पद किसी को जमानत देने के लिए विशेष रूप से विचार का अधिकार नहीं देता : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि मंत्री का पद धारण करने से किसी व्यक्ति को जमानत देने के लिए विशेष रूप से विचार का अधिकार नहीं मिल जाता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पश्चिम बंगाल में नौकरी के बदले नकदी 'घोटाले' से संबंधित धन शोधन के एक मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को सशर्त जमानत प्रदान करने के दौरान यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि निष्पक्षता कानून के शासन की पूर्व शर्त है, जिसमें निर्णय किसी व्यक्ति की स्थिति या प्रभाव के विपरीत मामले के तथ्यात्मक गुण-दोष पर आधारित होते हैं। पीठ ने कहा कि चटर्जी को एक फरवरी 2025 को रिहा किया जाएगा, बशर्ते कि निचली अदालत शीतकालीन अवकाश से पहले आरोप तय करे और जनवरी 2025 के दूसरे और तीसरे सप्ताह तक गवाहों के बयान दर्ज कर लिए जाएं।

# ईडी ने मप्र, पंजाब में क्रिकेट-टेनिस सट्टेबाजी मामले में छापेमारी की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने क्रिकेट और टेनिस सट्टेबाजी रैकेट की धनशोधन जांच के तहत मध्य प्रदेश और पंजाब में छापेमारी की। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि छापेमारी बृहस्पतिवार को मध्य प्रदेश के इंदौर और उज्जैन तथा पंजाब के लुधियाना में पांच स्थानों पर की गई। बयान में कहा गया कि तलाशी के दौरान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत बैंक जमा, म्युचुअल फंड और आठ करोड़ रुपये के सावधि सावधि जमा के अलावा 31 लाख रुपये नकद, अभियोजन योग्य दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। ईडी का मामला उज्जैन पुलिस द्वारा पीयूष चोपड़ा नाम के एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबंधित है, जिसने अपने सहयोगियों के साथ ''मिलीभगत'' कर ''फर्जी'' दस्तावेज के आधार पर खरीदे गए सिम कार्ड का इस्तेमाल कर ''बड़े पैमाने पर'' क्रिकेट सट्टेबाजी से ''अपराध की आय'' अर्जित की। ईडी ने आरोप लगाया कि चोपड़ा ने एक 'सेटअप' स्थापित किया था जहां वह और उसके कर्मचारी एक वेबसाइट पर दांव लगाते थे। एजेंसी के अनुसार, संबंधित व्यक्ति ने सट्टेबाजी के तहत दांव लगाने और जीत हासिल करने के लिए ''हवाला'' लेनदेन का इस्तेमाल किया। इस काम में 'हॉर्स' नामक सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया गया जिसे पीयूष चोपड़ा ने दो व्यक्तियों- अभय चोपड़ा और संजय अग्रवाल के माध्यम से प्राप्त किया था। ये दोनों व्यक्ति भी कथित तौर पर ऑनलाइन सट्टेबाजी गतिविधियों में भी शामिल थे।

# दिल्ली की महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये देने की योजना 10-15 दिनों में शुरू होगी: मुख्यमंत्री आतिशी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को शहर की महिलाओं को 1,000 रुपये की मासिक सहायता प्रदान करने वाली 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' को अगले 10 से 15 दिनों में शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार पंजीकरण प्रक्रिया पर काम कर रही है इसलिए इसे 10 से 15 दिनों में शुरू किया जाएगा। आतिशी ने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष के अंत से पहले 31 मार्च, 2025 तक महिलाओं को इस योजना के तहत एक या दो किस्तें मिलेंगी। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को योजना शुरू करने की घोषणा की थी और वादा किया था कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में लौटती है तो राशि बढ़ाकर 2,100 रुपये कर दी जाएगी। आतिशी ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं को सशक्त बनाने के सरकार के वादे को पूरा करती है। उन्होंने कहा, हमने महिलाओं को 1,000 रुपये की सहायता देने का अपना वादा पूरा किया है। विपक्ष द्वारा इस पहल को बाधित करने के सभी प्रयासों के बावजूद हमने इसे सफलतापूर्वक लागू किया है। आतिशी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें छोटी-छोटी व्यक्तिगत जरूरतों के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर ना रहना पड़े।

# भारत-यूएई साझेदारी में दिखती है आदर्श संबंधों की झलक : जयशंकर

**नयी दिल्ली :** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने शुक्रवार को महत्वाकांक्षी भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के कार्यान्वयन पर चर्चा की और दीर्घकालिक आपूर्ति एवं सहयोग सहित ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। ऊर्जा, कनेक्टिविटी तथा व्यापार के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा बनाने के तरीकों पर 15वीं भारत-यूएई संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) में प्रमुखता से चर्चा हुई। नयी दिल्ली में आयोजित इस बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्री एस जयशंकर और यूएई के उनके समकक्ष शेख



अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने की। जयशंकर ने बैठक में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा कि भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी में एक ''आदर्श'' संबंधों की झलक दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध न केवल बहुत मजबूत हैं, बल्कि तेजी से ''विविधतापूर्ण और गहरे'' हो रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा, ''मई 2022 में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लागू होने के बाद से व्यापार लगातार बढ़ा है और अब यह 85 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है।'' दोनों विदेश मंत्रियों ने कल रात भारत-यूएई रणनीतिक वार्ता से संबंधित बैठक में रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकियों, परमाणु ऊर्जा, ध्रुवीय अनुसंधान, महत्वपूर्ण खनिजों और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने पर भी विचार-विमर्श किया।

# दो बांग्लादेशी घुसपैठिये पकड़े गये, 1,000 से अधिक की पहचान हुईः दिल्ली पुलिस

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा और अवैध रूप से रह रहे 1,000 से अधिक अन्य बांग्लादेशियों की पहचान की है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) रवि कुमार सिंह ने कहा, हमने अपने अभियान के दौरान 1,000 से अधिक लोगों की पहचान की और कालिंदी कुंज तथा हजरत निजामुद्दीन क्षेत्र से दो लोगों को पकड़ा। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान के लिए अभियान शुरू किया, जिससे एक दिन पहले उपराज्यपाल ने ऐसे लोगों पर



कार्रवाई करने का आदेश दिया था। पुलिस ने बताया कि वे (बांग्लादेशी नागरिक) बिना किसी वैध दस्तावेज के राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे हैं। उपायुक्त ने बताया, दोनों की पहचान अब्दुल अहद (22) और मोहम्मद अजीजुल (32) के रूप में हुई है, जिन्हें हजरत निजामुद्दीन थाने की टीम ने क्रमशः 10 और 12 दिसंबर को गिरफ्तार किया था।

# महुआ मोइत्रा के बयान पर सत्तापक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की बैठक बाधित

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस सदस्य महुआ मोइत्रा की कुछ टिप्पणियों पर सत्तापक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार कुछ देर के लिए स्थगित करनी पड़ी। मोइत्रा ने न्यायमूर्ति बी एच लोया की मृत्यु 'समय से बहुत पहले' होने की बात कही जिस पर सदन में हंगामा हुआ और केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने उन्हें 'उचित संसदीय कार्रवाई' की चेतावनी दी। मोइत्रा ने सदन में 'संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा' में भाग लेते हुए केंद्र सरकार पर संविधान को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''पिछले दस वर्ष में राजनीतिक ओहदेदारों ने लोकतंत्र को क्रमिक तरीके से नुकसान पहुंचाया है।'' इसी क्रम में उन्होंने सदन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि सिंह ने 1976 के दशक में कांग्रेस के शासनकाल में न्यायमूर्ति एच आर खन्ना से जुड़े घटनाक्रम का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा, ''मैं सभी को याद दिलाना चाहती हूं कि न्यायमूर्ति खन्ना 1976 के बाद भी 32 साल तक रहे जिसमें अधिकतर समय कांग्रेस की सरकार थी और उन्होंने अपनी आत्मकथा भी लिखी।'' मोइत्रा ने एक अन्य दिवंगत न्यायाधीश का नाम लेते हुए सरकार पर निशाना साधा और कहा कि ''न्यायमूर्ति लोया तो अपने समय से बहुत पहले इस दुनिया से विदा हो गए।''

# पमरे ने यूबीआई बैंक के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर



**जबलपुर , समाज्ञा :** पश्चिम मध्य रेलवे प्रशासन और यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के बीच रेल कर्मचारियों के मासिक वेतन खाते हेतु लाभों को सुविधाजनक बनाने के लिए शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओयू पमरे के सभी नियमित कर्मचारियों को लाभान्वित करेगा, जिनके वेतन खाते यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया में हैं। पमरे में 55,000 कर्मचारी हैं, जिनमें जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडल के अलावा भोपाल और कोटा में कारखानें सम्मिलित हैं। इस एमओयू पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (मानव संसाधन विकास) सुश्री पूर्णिमा जैन और क्षेत्रीय प्रमुख (यू. बी. आई.) श्री शलज कुमार सिन्हा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन श्री दीपक कुमार गुप्ता और पमरे के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ उप क्षेत्रीय प्रमुख (यू. बी. आई.) श्री वरुण वशिष्ठ, बी. आर. एम. श्री मृगांक उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री समझ नहीं पाए कि संविधान 'संघ का विधान' नहीं , देश उठेगा और लड़ेगा: प्रियंका



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा सरकार पर तीखा प्रहार किया और कटाक्ष करते हुए कहा कि शायद प्रधानमंत्री यह समझ नहीं पाए हैं कि संविधान 'संघ का विधान' नहीं है। प्रियंका गांधी ने लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा में भाग लेते हुए सरकार पर भय फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि यदि लोकसभा चुनाव के नतीजे इस तरह के नहीं होते तो यह सरकार संविधान बदलने का काम करती। वायनाड से लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद सदन में उनका यह पहला भाषण था। उन्होंने कहा, ''संविधान में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का वादा है। यह वादा एक सुरक्षा कवच है, जिसे तोड़ने का काम शुरू हो चुका है।'' प्रियंका ने दावा किया, ''यह सरकार 'लेटरल एंट्री' और निजीकरण के जरिये आरक्षण को कमजोर करने का काम कर रही है। अगर लोकसभा चुनाव में ये नतीजे नहीं आए होते तो यह संविधान बदलने का काम करती।''

### प्रियंका का भाषण मेरे पहले भाषण से अच्छा था : राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद में चर्चा के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के भाषण को अपने पहले भाषण से बेहतर करार दिया। वायनाड से लोकसभा के लिये निर्वाचित होने के बाद प्रियंका गांधी का यह पहला भाषण था। उनके भाषण के बाद संसद परिसर में राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, 'यह मेरे पहले भाषण से अच्छा था।'

## न्यूज अपडेट

### पुराने रेलवे पुलों को कबाड़ के रूप में बेचने का फैसला नहीं: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने संसद में इस बात से इनकार किया है कि उसने विभिन्न पुराने रेलवे पुलों को कबाड़ के रूप में बेचने का फैसला किया है और साथ ही स्पष्ट किया कि पुलों के बेकार हो चुके हिस्सों का कबाड़ के रूप में निस्तारण किया जाता है। राज्यसभा में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के परिमल नथवानी ने लिखित सवाल के माध्यम से पूछा था कि क्या सरकार ने देश के विभिन्न हिस्सों में पुराने पुलों को कबाड़ के रूप में बेचने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसके जवाब में कहा, ''नहीं।'' उन्होंने कहा, ''पुलों के अनुपयोगी हिस्सों, अर्थात स्टील गर्डर आदि को कबाड़ के रूप में निस्तारित किया जाता है ताकि इनका मूल्य हासिल किया जा सके।'' नथवानी ने यह भी पूछा कि क्या सरकार को जनता के आक्रोश के कारण कुछ पुलों के संबंध में निर्णय को स्थगित करना पड़ा था। वैष्णव ने कहा कि कुछ मामलों में बंद पड़े रेलवे पुलों को संबंधित राज्य सरकार को उसके अनुरोध पर पर्यटन उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करने के लिए सौंप दिया जाता है, जैसा कि आंध्र प्रदेश में गोदावरी पुल (हैवलॉक पुल) और उत्तर प्रदेश में कर्जन पुल के मामले में किया गया था।

### 'संतान कोई संपत्ति नहीं', बालिग बेटी की शादी को स्वीकार करें : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने विवाह के वक्त एक लड़की के नाबालिग रहने के आधार पर उसके 'पार्टनर' के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई के लिए दायर याचिका खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि ''संतान कोई संपत्ति नहीं है।'' याचिका युवती के माता-पिता ने दायर की थी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि विवाह के समय लड़की नाबालिग नहीं थी और व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई क्योंकि उसके (लड़की के) माता-पिता को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। न्यायालय ने कहा, ''आपको कैद करने का अधिकार नहीं है...आप अपने बालिग बच्चे के रिश्ते को स्वीकार नहीं करते हैं। आप अपनी संतान को एक संपत्ति मानते हैं। संतान कोई संपत्ति नहीं है।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''अपनी संतान की शादी को स्वीकार करें।''

### जाति के नाम पर चुनाव जीतने वाले अपने समुदाय के लिए कुछ नहीं करते : गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि जाति के नाम पर चुनाव जीतने वाले लोग अपने समुदाय के लिए कुछ नहीं करते, बल्कि अपने परिवार के सदस्यों को चुनाव में उतारने के लिए टिकट मांगते हैं। 'टाइम्स नेटवर्क इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2024' में एक सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा, ''अब राजनीति में समस्या यह है कि पिछड़ापन एक राजनीतिक हित बन गया है...इसलिए हर कोई यह साबित करना चाहता है कि वह पिछड़ा है।'' मंत्री ने कहा कि जिनके पास लोगों को दिखाने के लिए कोई काम नहीं है, वे जाति के नाम पर चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं। गडकरी ने कहा, ''मुझे एक उदाहरण बताइए, जब किसी ने जाति के नाम पर चुनाव जीता हो और फिर अपने समुदाय के कल्याण के लिए काम किया हो? चुनाव जीतने के बाद वे अपनी पत्नी और बच्चों के लिए टिकट मांगते हैं।'' उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं के कल्याण और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम करना चाहिए। गडकरी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कभी जाति के बारे में बात नहीं की।

### तमिलनाडु में बारिश का कहर जारी, मुख्यमंत्री स्टालिन ने जिलाधिकारियों से बात की

**चेन्नई :** तमिलनाडु के कई जिलों में शुक्रवार को भी बारिश जारी रही और दक्षिणी जिलों में लगातार वर्षा के कारण थामिराबरनी नदी उफान पर है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने तिरुनेलवेली, तेनकासी और तूतिकोरिन के जिलाधिकारियों से बात की और उनसे बारिश से हुए नुकसान और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैंने जिलाधिकारियों और जिला निगरानी अधिकारियों से भारी बारिश से लोगों को बचाने के लिए किए जा रहे राहत कार्यों के बारे में जानकारी ली।'' उन्होंने अधिकारियों को पर्याप्त सावधानी बरतने तथा आवश्यक वस्तुओं और दवाओं का पर्याप्त भंडार बनाए रखने के निर्देश दिए। स्टालिन ने यहां एझिलागम स्थित 24 घंटे खुले रहने वाले राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र का दौरा किया। दौरे के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''तीनों दक्षिणी जिलों में भारी बारिश हो रही है।

# हितधारक गवाहों की गवाही पर अधिक सावधानी से विचार किया जाना चाहिए : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि किसी व्यक्ति की गवाही को केवल इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता कि वह मामले में ''हितधारक गवाह'' है, बल्कि उसके बयान पर अधिक सावधानी और सतर्कता से विचार किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक व्यक्ति को बरी करते हुए यह टिप्पणी की। हत्या के 2015 के इस मामले में दोषसिद्धि और सजा को मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने कहा, ''इसमें कोई संदेह नहीं है कि सिर्फ इसलिए कि कोई गवाह हितधारक गवाह है, यह ऐसे गवाह की गवाही को खारिज करने का आधार नहीं हो सकता। हालांकि, ऐसे गवाह की गवाही पर



अधिक सावधानी और सतर्कता से विचार किया जाना चाहिए।'' न्यायालय ने अपीलार्थी जॉर्ज की ओर से पेश हुए वकील की इन दलीलों पर गौर किया कि उसकी सजा मृतक के पिता की गवाही पर पूरी तरह आधारित थी। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि जहां तक मामले में अन्य दो सह-आरोपियों का सवाल है, उच्च न्यायालय ने मृतक के पिता के साक्ष्य को ''अविश्वसनीय'' पाया और उन्हें दोषी करार देना उचित नहीं पाया। न्यायालय ने कहा, ''हालांकि, अजीब बात यह है कि उच्च न्यायालय ने उन्हीं साक्ष्यों के आधार पर... अपीलार्थी के संबंध में विश्वास जताया और उसकी दोषसिद्धि की पुष्टि की।'' पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि किसी गवाह की एकमात्र गवाही के आधार पर दोषसिद्धि हो सकती है। अपील स्वीकार करते हुए पीठ ने उच्च न्यायालय के नवंबर 2019 के फैसले को रद्द कर दिया और अपीलार्थी को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

### जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अवैध रोहिंग्या प्रवासियों की मौजूदगी नहीं : बीएसएफ

**जम्मू :** सुरक्षा एजेंसियों की जानकारी के बिना किसी अज्ञात व्यक्ति के सीमा के पास घूमने की आशंका को खारिज करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अवैध रोहिंग्या प्रवासियों की कोई मौजूदगी नहीं है। बीएसएफ के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक डी के बूरा ने कहा कि जम्मू सीमा हमेशा से संवेदनशील रही है और हम स्थिति पर कड़ी नजर रखते हैं, चाहे बांग्लादेश में या अन्यत्र कुछ भी हो। अधिकारी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे पास अंतरराष्ट्रीय सीमा (जम्मू में) के पास रहने वाले रोहिंग्याओं के बारे में कोई जानकारी नहीं है। पूरी सीमा पर बीएसएफ और अन्य एजेंसियां कड़ी निगरानी रख रही हैं, जबकि सीमा पुलिस भी अंदरूनी इलाकों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# पू. सी. रेलवे में संरक्षा उपकरणों के बुनियादी अवसंरचनात्मक अवस्था की निरंतर हो रही निगरानी

**मालीगांव, समाज्ञा :** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे ट्रेन यात्रा को अधिक कुशल और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह अपने बुनियादी अवसंरचना को अपग्रेड करने और बरकरार रखने के लिए तकनीकी रूप से उन्नत उपायों को निरंतर लागू कर रही है। नवंबर के दौरान, पू. सी. रेलवे ने संरक्षा कारकों को और बेहतर बनाने के लिए जोन के 31 स्टेशनों पर क्लैंप टाइप लॉकिंग के साथ थिक वेब स्विच प्वाइंट मशीनें स्थापित की हैं। दक्षता और संरक्षा को और अधिक बढ़ाने के लिए, पू. सी. रेलवे ने इस ज़ोन के अधीन कई सेक्शनों पर अपनी मौजूदा सिग्नलिंग प्रणाली में कई अपग्रेडेशन और प्रतिस्थापन किए हैं। नवंबर के दौरान पू. सी. रेलवे ने कटिहार मंडल के अधीन चार, अलीपुरद्वार मंडल के अधीन एक और लामडिंग मंडल के अधीन दो समपार फाटकों में स्लाइडिंग बूम लगाए गए। समपार फाटकों में संरक्षा को बढ़ावा देते हुए कटिहार मंडल और तिनसुकिया मंडल में दो-दो समपार फाटकों में



इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बेरियर्स को बदला गया। तिनसुकिया, लामडिंग, रंगिया और अलीपुरद्वार मंडल के कई स्टेशनों में 8.013 कि.मी. नए सिग्नलिंग केबल बिछाए गए है। रेलवे परिसंपत्तियों को किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए संरक्षा उपायों के एक हिस्से के रूप में कटिहार मंडल के रहमतपुर और अररिया कोर्ट स्टेशनों पर ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन एंड अलार्म सिस्टम चालू की गई है। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के 25 समपार फाटकों पर सिस्टम प्रामाणिकता परीक्षण किये गये। संरक्षा उपकरणों की बेहतर विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने के लिए सभी पांच मंडलों में विभिन्न क्षमताओं की कुल 381 सिग्नलिंग बैटरियां भी बदली गईं। आधुनिक संचार प्रणालियों का उपयोग चालकों और संचालकों को दृश्य जानकारी प्रदान कर ट्रेन की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए किया जा रहा है।

